▪ वैशाख शुक्ल - 8 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 287 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरू » बुधवार » 15-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 'राम राज्य का आशय जनता में कर्तव्य बोध के संचार से है, किसी 'थियोक्रेटिक स्टेट' से नहीं'

6 चाबहार पोर्ट : भारत ईरान के बीच अहम समझौता

7 चुनौतीपूर्ण किरदारों को निभाना ज्यादा पसंद करती हूं : सैयामी खेर

## फर्स्ट टेक

### यौन शोषण मामला: एसआईटी ने की हासन में कई जगहों पर छापेमारी

**बेंगलूरु/भाषा।** जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को कर्नाटक के हासन जिले और उसके आसपास कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता के करीबियों के आवासों और कार्यालयों पर की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी यह पता लगाने के लिए की जा रही है कि कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो कहां से लीक हुए। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में फिर से चुनाव लड़ रहे प्रज्वल फरार हैं और इंटरपोल ने उनका पता लगाने के लिए 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया है।

### संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की गाजा में मौत

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के किसी अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला है। संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को नयी दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

### इजराइल-भारत संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे: इजराइल के विदेश मंत्री

**यरुशलम/भाषा।** इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने मंगलवार को कहा कि इजराइल और भारत अपने द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करना जारी रखेंगे तथा इसे और अधिक समृद्धि की ओर ले जाएंगे। काट्ज ने इजराइल के 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के संदेश पर यह टिप्पणी की। काट्ज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''विदेश मंत्री एस जयशंकर, आपकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हमारे स्वतंत्रता दिवस के जश्न में इजराइल और भारत अपने संबंधों को प्रगाढ़ करना जारी रखेंगे तथा इसे और अधिक समृद्धि की ओर ले जाएंगे।''

# राम लला को फिर से तंबू में भेजने की साजिश रच रही कांग्रेस : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गिरिडीह (झारखंड)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 'शर्मनाक' राजनीति करने और 'राम लला को फिर से तंबू में भेजने' की साजिश रचने का आरोप लगाया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति का 'सबसे बड़ा मॉडल' बनने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने भारत को इन बुराइयों से मुक्त करने का संकल्प लिया है। झारखंड के गिरिडीह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''राम मंदिर को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा शर्मनाक बयान जारी किए जा रहे हैं। उनके नेता रामलला को एक बार फिर टेंट में भेजने की साजिश रच रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बात कर रहे हैं।'' बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बाद रामलला की पुरानी मूर्ति को तंबूनुमा ढांचे में रखा गया था। उन्होंने दावा किया कि वे परिसर को फिर से बंद करना चाहते हैं। इसके मद्देनजर उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रष्ट ताकतों को हटाने का अनुरोध किया।

मोदी ने कहा, ''कांग्रेस ने देश को नक्सलवाद के लिए मजबूर किया जबकि भाजपा ने देश में नक्सली हिंसा को नियंत्रित किया।'' उन्होंने यह भी वादा किया कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान, वह देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया कर देंगे। मोदी ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन घुसपैठियों को संरक्षण दे रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता वंचित लोगों को प्राथमिकता देना होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना राष्ट्र के हित में सबसे बड़े कदमों में से एक है और उन्हें खुशी है कि वहां के लोग दशकों बाद सोमवार को लोकतंत्र का त्योहार मना सके।



## भाजपा प्रत्याशी के रूप में मोदी ने वाराणसी से पर्चा भरा

**वाराणसी/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिये मंगलवार को वाराणसी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के तौर पर तीसरी बार नामांकन दाखिल किया। पुष्य नक्षत्र में उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर शामिल थे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं। इससे पहले गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री काशी कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया।

## प्रधानमंत्री मोदी की कुल संपत्ति तीन करोड़ रुपये

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास तीन करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है, जिसका ज्यादातर हिस्सा बैंक सावधि जमा (एफडी) के रूप में जमा किया गया है। मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर मंगलवार को नामांकन दाखिल करते समय दिए गए अपने चुनावी शपथपत्र में यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को वाराणसी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल करते समय यह शपथपत्र पेश किया। वह इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में उतरे हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित शपथपत्र के अनुसार मोदी की चल संपत्ति तीन करोड़ दो लाख छह हजार 889 रुपये की है। इसमें से ज्यादातर रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सावधि जमा (एफडी) के रूप में जमा है।

## डीएचएफएल घोटाला: सीबीआई ने धीरज वधावन को गिरफ्तार किया



**34,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामला**

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वधावन को सोमवार रात को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि डीएचएफएल के पूर्व निदेशक और उनके भाई कपिल को इस मामले में पहले 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने 15 अक्टूबर, 2022 को कपिल और धीरज सहित 75 प्रतिष्ठानों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें विशेष अदालत ने तीन दिसंबर, 2022 को इस आधार पर जमानत दे दी थी कि जांच अधूरी है और दायर आरोप पत्र टुकड़ों में पेश किया है। इस आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था।

## मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**महराजगंज (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'झूठों का सरदार' करार देते हुए दावा किया कि अगर फिर से वह प्रधानमंत्री बने तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे।

महराजगंज में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के प्रमुख घटक कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर वादों से मुकरने का आरोप लगाया।

मंच पर समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव शिवपाल सिंह यादव समेत गठबंधन के कई नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं। मोदी झूठे हैं और मैं बार-बार कहता हूं कि मोदी 'झूठों के सरदार' हैं।'' खरगे ने लोगों की भीड़ के समक्ष दावा किया कि, ''यह व्यक्ति (मोदी) फिर से आया (प्रधानमंत्री बने) तो आगे चुनाव नहीं होंगे। दलितों, आदिवासी, पिछड़े, महिला के कोई उम्मीदवार नहीं होंगे।'' कांग्रेस को देश के विकास का श्रेय देते हुए खरगे ने कहा, '' (मोदी) कहते हैं कि 70 साल में कांग्रेस ने क्या किया, मोदी जी, हम कुछ नहीं करते तो आज लोकतंत्र में आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते थे। आप जो प्रधानमंत्री बने, हमारी (कांग्रेस) वजह से क्योंकि हमने संविधान बनाया।''

## आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में 'आप' को बनाया जाएगा आरोपी : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाएगी। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही। ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष कहा, ''मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को सह-आरोपी बनाया जा रहा है।''

### के. कविता की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी आरोपी हैं। कविता को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत के समक्ष पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

## शीर्ष अदालत के खिलाफ टिप्पणी को लेकर आईएमए अध्यक्ष से न्यायालय ने किये कड़े सवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) अध्यक्ष आर वी अशोकन के 'पीटीआई' के साथ एक साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ नुकसान पहुंचाने वाले बयानों पर उनकी बिना शर्त माफी स्वीकार करने से मंगलवार को इनकार करते हुए उनसे कुछ कड़े सवाल किये। अशोकन ने उक्त साक्षात्कार में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन मामले के बारे में सवालों के जवाब दिए थे।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अशोकन से कहा, ''आप सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार देते हुए अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते।'' पीठ ने साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस स्तर पर, शीर्ष अदालत उनके माफी वाले हलफनामे को स्वीकार नहीं करेगी।



न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और विचार के अधिकार को बनाये रखने के मामले में अग्रणी हैं, लेकिन कई बार एक आत्म-संयम (दिखाने) की जरूरत होती है। हमें वह आपके साक्षात्कार, नहीं दिखा, यही बिंदु है।

अदालत में मौजूद अशोकन ने पीठ से बिना शर्त माफी मांगी और क्षमादान का अनुरोध किया। पीठ ने उनसे कहा, आपका आचरण ऐसा नहीं है जिसे हम इतनी आसानी से माफ कर सकें।'' पीठ ने उनसे सवाल किया कि उन्होंने एक लंबित मामले में बयान क्यों दिया जिसमें आईएमए याचिकाकर्ता है। पीठ ने कहा कि पेशे में 45 साल के अनुभव और आईएमए अध्यक्ष के रूप में भूमिका के चलते, साक्षात्कार के समय उनसे अधिक जिम्मेदारी की उम्मीद की जाती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, ''आप अपनी आंतरिक भावना को इस तरह प्रेस में व्यक्त नहीं कर सकते। वह भी इस अदालत के एक आदेश के खिलाफ।

## पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक रेंजर पर हमला करने वाले प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों द्वारा गोलियां चलाए जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। खबरों के मुताबिक, पीओके में प्रदर्शनकारी गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।



'डॉन' समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अर्द्धसैनिक रेंजर को बुलाया गया था।

खबर के मुताबिक, पांच ट्रक समेत 19 वाहनों के काफिले ने खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे गांव ब्रारकोट के बजाय कोहाला से बाहर निकलने का विकल्प चुना था। खबर में कहा गया, जैसे ही काफिला 'आक्रोशित माहौल' में मुजफ्फराबाद के पास पहुंचा, शोरां दा नक्का गांव के पास उस पर पत्थरों से हमला किया गया, जिसका जवाब उन्होंने आंसू गैस और गोलीबारी से दिया।

| 15-05-2024 | 16-05-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:37 बजे | सूर्योदय 5:54 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,104.61 | 22,217.85 |
| (+328.48) | (+113.80) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,498 रु. | 86,638 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### कूढ़मगज लोग

भाषाओं को यदि बाँध दिया,
धर्मों के थोथे बंधन में।
तो फर्क नहीं कर पाएंगे,
हम कभी नीम व चंदन में।
भाषाएं देती संस्कार,
मानव के जड़ चेतन मन में,
आओ तज कूढ़मगजियां सब,
हर भाषा के अभिनंदन में।।

## शक्तिशाली सौर तूफान ने पृथ्वी को प्रभावित किया : इसरो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि मई महीने की शुरुआत में एक शक्तिशाली सौर तूफान ने पृथ्वी को प्रभावित किया था। इसरो के अनुसार, यह सौर तूफान सूर्य के अत्यधिक सक्रिय क्षेत्र एआर13664 के कारण उत्पन्न हुआ था। इस क्षेत्र से पृथ्वी की ओर एक्स श्रेणी की चमक और कोरोना द्रव्य उत्क्षेपण (सीएमई) का प्रवाह हुआ।

इसने कहा कि भू-चुंबकीय तूफान 2003 के बाद से सबसे तीव्र था जिससे संचार और



जीपीएस प्रणाली में बाधा उत्पन्न हुई। इसरो ने एक बयान में कहा, यह अपनी ताकत के मामले में 2003 के बाद से सबसे बड़ा भू-चुंबकीय तूफान है, क्योंकि सूर्य पर धधकने वाला क्षेत्र 1859 में हुए ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कैरिंगटन घटनाक्रम जितना बड़ा था।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कई एक्स श्रेणी की चमक और सीएमई पृथ्वी से टकराए हैं। इसरो ने कहा, ''इसका (सीएमई) उच्च अक्षांशों पर गंभीर प्रभाव पड़ा जहां उत्तरी ध्रुव के ऊपर से जाने वाली उड़ानों का मार्ग पहले से ही बदले जाने की सूचना मिल रही है। अगले कुछ दिनों में और अधिक घटनाएं हो सकती हैं।''

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि भारतीय क्षेत्र कम प्रभावित हुआ क्योंकि तूफान की मुख्य घटना 11 मई की सुबह हुई, जब आयनमंडल पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ था। इसके अलावा, निचले अक्षांश पर होने के कारण भारत में बिजली आपूर्ति पर बड़े पैमाने पर असर होने की सूचना नहीं मिली है। इसरो ने कहा कि उसने इस घटना के प्रभाव को दर्ज करने के लिए अपने सभी अवलोकन मंचों और प्रणालियों सक्रिय कर दिया है।

## चीन से लगी सीमा पर सैनिकों की तैनाती असामान्य, देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जा सकती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती ''असामान्य'' है और देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जयशंकर ने यहां 'इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत ने गलवान झड़प का जवाब वहां अपने सैनिकों को तैनात करके दिया।

मंत्री ने कहा, ''1962 के बाद, राजीव गांधी 1988 में चीन गए थे जो (चीन के साथ) संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था... यह स्पष्ट था कि हम सीमा से जुड़े अपने मतभेदों पर चर्चा करेंगे, लेकिन हम सीमा पर शांति बनाए रखेंगे और बाकी संबंध जारी रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि तब से चीन के साथ संबंध का यह आधार रहा था। उन्होंने कहा, ''अब जो बदलाव आया, वह 2020 की घटना के बाद आया है। चीनियों ने 2020 में कई समझौतों का उल्लंघन करते हुए हमारी सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और उन्होंने यह ऐसे वक्त किया जब हमारे यहां कोविड लॉकडाउन लागू था।''

गलवान घाटी झड़प में कुल 20 भारतीय सैन्य कर्मी शहीद हुए थे। भारत-चीन सीमा पर चार दशकों में यह सबसे भीषण झड़प थी।

**▪ भारत ने भी (सीमा पर) सैनिकों को तैनात कर जवाब दिया और चार साल से गलवान में सैनिकों की तैनाती वाले सामान्य मोर्चों से आगे भारतीय सैनिक तैनात हैं। एलएसी पर यह बहुत ही असमान्य तैनाती है। दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर, भारतीय नागरिक होने के नाते हममें से किसी को भी देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं करनी चाहिए...यह मौजूदा समय की चुनौती है।**

जयशंकर ने कहा कि भारत ने भी (सीमा पर) सैनिकों को तैनात कर जवाब दिया और चार साल से गलवान में सैनिकों की तैनाती वाले सामान्य मोर्चों से आगे भारतीय सैनिक तैनात हैं। उन्होंने कहा, ''एलएसी पर यह बहुत ही असमान्य तैनाती है। दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर, भारतीय नागरिक होने के नाते हममें से किसी को भी देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं करनी चाहिए...यह मौजूदा समय की चुनौती है।'' विदेश मंत्री ने कहा कि एक आर्थिक चुनौती भी है, जो विगत वर्षों में विनिर्माण और बुनियादी ढांचा के क्षेत्रों की अनदेखी के कारण है।

# स्वाति मालीवाल के आरोपों को लेकर एमसीडी सदन में हंगामा




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन में मंगलवार को हंगामे के कारण निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को वर्दी की खरीद के लिए 1100 रुपये की राशि के वितरण के लिए प्रशासनिक मंजूरी और एक चिकित्सा कॉलेज के निर्माण सहित अन्य प्रस्ताव पारित नहीं हो सके।

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर सदन में हंगामे की स्थिति रही। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर एक कर्मचारी ने उनके साथ 'मारपीट' की। पुलिस ने बताया कि वह (मालीवाल) सिविल लाइन्स थाने गई थीं लेकिन उन्होंने औपचारिक शिकायत नहीं दर्ज कराई। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय के सदन में प्रवेश करते ही भाजपा और कांग्रेस के पार्षद आसन के करीब आकर केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाने लगे और घटना को लेकर उनके इस्तीफे की मांग करने लगे। नगर निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को वर्दी की खरीद के लिए 1100 रुपये, बस्ते के लिए 120 रुपये और कॉपियों व स्टेशनरी की खरीद के लिए 300 रुपये वितरित करने को प्रशासनिक मंजूरी देने के प्रस्ताव को सदन में रखा जाना था। इसके अलावा राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस हॉस्पिटल परिसर में चिकित्सा कॉलेज की इमारत के निर्माण के प्रस्ताव को भी सदन में रखा जाना था। सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित किये जाने के कारण कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। विपक्षी पार्षदों ने इस मुद्दे को लेकर सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जमकर नारेबाजी की जिस कारण कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। उच्च न्यायालय ने एमसीडी को कल्याणकारी योजना राशि को तुरंत विद्यार्थियों को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया था। 'मुख्यमंत्री आवास में महिलाओं की सुरक्षा' को लेकर चिंता जताते हुए सभी दलों के पार्षदों ने सदन में एक निंदा प्रस्ताव भी पेश किया। पार्षदों ने कथित घटना के लिए केजरीवाल नीत सरकार पर निशाना साधा और मालीवाल के लिए न्याय की मांग की।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी पार्षदों ने 'केजरीवाल हाय-हाय', 'स्वाति मालीवाल को इंसाफ दो' और 'केजरीवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाये। विपक्षी पार्षद महापौर के आसन के पास पोस्टर लेकर खड़े थे, जिन पर ''दलित महापौर को कुर्सी पर बिठाओ, दलित विरोधी केजरीवाल इस्तीफा दो'' नारे लिखे हुए थे।



## चाबहार बंदरगाह से भारत को व्यापार मार्ग बढ़ाने में मिलेगी मदद : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ईरान में चाबहार बंदरगाह के विकास से भारत को अपनी लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ाने और मध्य एशिया तक अपने व्यापार मार्गों का विस्तार करने में मदद मिलेगी। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को इस बंदरगाह पर मालढुलाई के प्रभावी प्रबंधन का भी सुझाव दिया।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में सरकार को यह सुझाव दिया कि ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह होने के बावजूद चाबहार बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के अधीन न आए। यह बंदरगाह न सिर्फ रणनीतिक रूप से अहम है बल्कि इस परियोजना की सफलता जटिल भू-राजनीतिक वातावरण से भी जुड़ी है। भारत ने एक दिन पहले ही चाबहार के बंदरगाह टर्मिनल के संचालन से संबंधित एक 10-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन ने हस्ताक्षर किए। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चाबहार में मालढुलाई के प्रभावी प्रबंधन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा, प्रक्रियाएं और कर्मी हों। फिर भी ऐसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए आवश्यक व्यापक स्थिरता बाहरी राजनीतिक दबावों और क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है।'' उन्होंने कहा कि बंदरगाह का विकास अपनी लॉजिस्टिक क्षमताओं को बढ़ाने और मध्य एशिया एवं उससे आगे तक अपने व्यापार मार्गों का विस्तार करने में भारत की रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है।

### भाजपा के चुनाव प्रभारी का दावा

## विरोधियों का सूपड़ा साफ कर देगा तेदेपा, भाजपा, जनसेना का गठबंधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा की सभी सीट पर चुनाव होने के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दावा किया कि जनता ने मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के 'कुशासन' के खिलाफ मतदान किया है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) भारी जीत हासिल करेगा। भाजपा महासचिव एवं राज्य में चुनाव के प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि तेदेपा नेता एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राजग की सरकार बनेगी और वाईएसआर कांग्रेस का सत्ता से हटना तय है।

सिंह ने दावा किया कि तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा)-भाजपा-जनसेना पार्टी गठबंधन ने सामंजस्यपूर्ण समन्वय के साथ काम किया और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चार चुनावी जनसभाओं तथा रोड शो ने पूरी बाजी राजग के पक्ष में कर दी। उन्होंने कहा, ''चार जून को जब मतगणना होगी तो हमारा गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत हासिल करेगा। मुझे नहीं लगता कि वाईएसआर कांग्रेस एक या दो संसदीय सीटों से ज्यादा जीत पाएगी।'' सिंह ने कहा कि उनका गठबंधन विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई से अधिक सीट जीतेगा। उन्होंने कहा कि राजग जहां चुनाव प्रचार और जनसमर्थन जुटाने में व्यस्त था, वहीं वाईएसआर कांग्रेस चुनावों को प्रभावित करने के लिए धन और बाहुबल का इस्तेमाल करने के लिए दिन-रात काम कर रही थी लेकिन स्पष्ट तौर पर यह कारगर नहीं रहा। उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर अपने चरम पर थी क्योंकि पिछले पांच वर्षों में बहुत कम विकास कार्य हुए हैं। शराब और भू माफियाओं का शासन था।

## भाजपा ने मुझे जेल भेजा, क्योंकि वह मुझसे डरती है: केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पिहोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर उन्हें जेल में भेजने के लिये हमला करते हुए दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि वह उनसे डरती है। उन्होंने यह बात पिहोवा में आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता के समर्थन में किये गए रोड शो के दौरान कही। रोड में गुप्ता भी मौजूद थे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी थी।

लोगों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, सोलह मार्च को चुनाव की घोषणा हुई और 21 मार्च को उन्होंने मुझे जेल भेज दिया। इसका मतलब है कि वे चाहते थे कि केजरीवाल प्रचार न करें। वे केजरीवाल से डरे हुए हैं। उन्होंने पिहोवा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, मेरी पिहोवा में रिश्तेदारी है। आप पूछेंगे कैसे। उन्होंने कहा कि मेरे छोटे भाई और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ससुराल वाले पिहोवा के हैं। केजरीवाल ने कहा, उनके (मान के) ससुर इंद्रजीत सिंह आज हमारे साथ हैं... यहां से एक भी वोट भाजपा को नहीं जाना चाहिए। भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर पिहोवा के एक गांव की रहने वाली हैं। जमानत पर रिहा होने के बाद केजरीवाल का यह हरियाणा का पहला दौरा था। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता ने रोड शो के दौरान दिल्ली और पंजाब में आप सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए की गई कई पहलों पर प्रकाश डाला। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट पर लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

## केजरीवाल के निजी सहायक ने मालीवाल से बदसलूकी की, कड़ी कार्रवाई होगी : आप नेता संजय सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी की। उन्होंने कहा कि आप सुप्रीमो केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे।

सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ''निंदनीय घटना'' है। उन्होंने कहा, ''कल मालीवाल अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। जब वह ड्राइंग रूम में उनसे मिलने का इंतजार कर रही थीं, तो विभव कुमार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। यह बेहद निंदनीय घटना है। केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है और कड़ी कार्रवाई करेंगे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन गईं और आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनके साथ ''मारपीट'' की। पुलिस को अभी तक औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।

## खुदरा वायदा, विकल्प कारोबार में 'बेलगाम तेजी' चिंता का विषय : सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। उन्होंने यहां शेयर बाजार बीएसई में एक कार्यक्रम में कहा, ''वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी न केवल बाजार के लिए बल्कि निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी को लेकर भी आने वाले समय में समस्याएं पैदा कर सकती है।''

सीतारमण ने कहा, ''पारिवारिक बचत में एक पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। हम उसे सुरक्षित रखना चाहते हैं।''

बाजार नियामक सेबी के एक अध्ययन से पता चला है कि 10 में से नौ खुदरा निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में नुकसान होता है। वित्त मंत्री ने बीएसई से कड़े अनुपालन और मजबूत नियामकीय मानकों के जरिये निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। बीएसई और एनएसई को प्रणालीगत जोखिम को कम करना चाहिए तथा बाजार की स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए।

## भाजपा के पूर्व विधायक रघुपति भट्ट ने दिखाए बागी तेवर, निर्दलीय लड़ेंगे विधान परिषद चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उडुप्पी।** कर्नाटक के उडुपी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक रघुपति भट ने बागी तेवर दिखाते हुए आगामी तीन जून को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर दक्षिण-पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव लड़ने का फैसला किया है। भट्ट ने क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि के रूप में चुनाव लड़ने का इरादा व्यक्त किया है। भाजपा ने उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में टिकट न देकर यशपाल सुवर्णा को उम्मीदवार बनाया था, तब से वह नाराज हैं। उन्हें विधान परिषद चुनाव में कर्नाटक दक्षिण पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने की उम्मीद थी और उन्होंने इसके लिए कड़ी पैरवी की थी, लेकिन पार्टी ने डॉ. धनंज्य सरजी को प्रत्याशी बनाने का फैसला किया है।

## लू के कारण खाद्य मुद्रास्फीति चिंता की वजह बनी रहेगी: इक्रा

**नई दिल्ली/भाषा।** थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई और जून में लू के कारण चिंता की वजह बनी रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने मंगलवार को कहा कि जल्द खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि थोक खाद्य मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चतम स्तर पर है। हालांकि, पिछले साल के उच्च आधार का प्रभाव जुलाई और अगस्त में रहेगा, लेकिन बाद के महीनों में मानसून की चाल कीमतों को तय करेगी।

मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल में चार महीने के उच्चतम स्तर 7.74 प्रतिशत पर थी। अप्रैल, 2024 में खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति भी 8.70 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रही, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 3.84 प्रतिशत थी।

## एमवीए महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अधिकतम सीट जीतेगा : आदित्य ठाकरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में अधिकतम सीट जीतेगा। ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र देश के उन शीर्ष पांच राज्यों में शामिल होगा जो केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनाने में योगदान देंगे।

ठाकरे ने यह भी दावा किया कि शिवसेना में विभाजन के बाद, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने उनकी पार्टी को संदेश भेजा था कि उन्हें 'गद्दार' के रूप में संबोधित न किया जाए। ठाकरे ने कहा, ''लेकिन, फिर गद्दार गद्दार ही होता है। '' ठाकरे ने एबीपी माझा कॉन्क्लेव में कहा, ''एमवीए अधिकतम सीटें जीतेगा और जब केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन सरकार बनाएगा, तो महाराष्ट्र उसमें सीट का योगदान देने वाले देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल होगा। '' महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन पर पूछे गए सवाल को ठाकरे टाल गए और दावा किया कि उन्होंने कभी किसी के खिलाफ व्यक्तिगत हमले नहीं किए। उन्होंने कहा, '' हमने कभी भी भाजपा को बिना शर्त समर्थन नहीं दिया। हमारी एक ही शर्त थी कि वह किसी भी कीमत पर महाराष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा करेंगे। '' मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए उन्हें बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है।

## केरल में भारी बारिश, आईएमडी ने दो जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश ने लोगों को कई सप्ताह से जारी तपती गर्मी से राहत दी है । हालांकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को राज्य के 14 में से दो जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पत्तनमथिट्टा और इडुक्की के लिए एक दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने इसके अलावा राज्य के आठ जिलों के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब छह सेंटीमीटर (सेमी) से 20 सेमी तक की बहुत भारी बारिश से है जबकि येलो अलर्ट छह से 11 सेमी तक भारी वर्ष के लिए जारी किया जाता है। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पत्तनमथिट्टा, इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम और वायनाड जिलों में एक या दो स्थानों पर मध्यम वर्षा और तेज हवाओं के साथ तूफान का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने केरल और दक्षिण तमिलनाडु तट के लिए समुद्री तूफान की चेतावनी जारी की है। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र से प्राप्त अलर्ट के मुताबिक, आज रात तक केरल तट के निकट ऊंची समुद्री लहर उठने का अलर्ट जारी किया गया है।

## होर्डिंग लगाने की अनुमति बीएमसी के बजाय पुलिस ने कैसे दी : किरीट सोमैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**मुंबई/भाषा।** मुंबई में होर्डिंग गिरने की घटना में 14 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया ने सवाल किया कि जब होर्डिंग लगाने की अनुमति देने का अधिकार बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को है तो एक पुलिस अधिकारी ने कैसे इसकी अनुमति दे दी?

पूर्व सांसद सोमैया ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि होर्डिंग और पेट्रोल पंप (जहां होर्डिंग गिरा था) की अनुमति उस समय दी गई थी जब उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा कि यदि तत्कालीन पुलिस महानिदेशक सख्ती बरतते तो ऐसे होर्डिंग नहीं लग पाते। सोमैया ने कहा कि कागज पर 40 फुट लंबा होर्डिंग लगाने की अनुमति दी गई थी लेकिन जो होर्डिंग गिरा वह 120 फुट का था।

मुंबई के घाटकोपर इलाके में सोमवार को धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के कारण एक पेट्रोल पंप पर लगा अवैध होर्डिंग गिर जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 74 लोग घायल हो गए। बृहन्मुंबई महानगर पालिका के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सोमैया ने कहा, ''महाराष्ट्र राज्य पुलिस बल में शामिल रेलवे पुलिस के एक एसीपी ने 7 दिसंबर, 2021 को होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी। कोई पुलिस अधिकारी इसकी अनुमति कैसे दे सकता है, जबकि यह अधिकार बीएमसी को है।'' उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि मुंबई के अनेक हिस्सों में ऐसे 400 होर्डिंग हैं जो तय आकार से बड़े हैं और घाटकोपर की तरह ही कमजोर बुनियाद पर खड़े हैं।'' बीएमसी के एक अधिकारी के अनुसार सहायक पुलिस आयुक्त (प्रशासन) ने रेलवे पुलिस आयुक्त, मुंबई की ओर से चार होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी जिनमें से एक होर्डिंग वो था जो सोमवार को गिर गया, लेकिन बीएमसी से कोई आधिकारिक अनुमति या एनओसी प्राप्त नहीं की गई।

सोमैया ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध किया है कि पूरे मुंबई महानगर में लगे ऐसे खतरकना होर्डिंग तत्काल हटाये जाएं। उन्होंने दावा किया कि जिस जमीन पर पेट्रोल पंप है और होर्डिंग लगाया गया, वो महाराष्ट्र पुलिस के रेलवे पुलिस प्रकोष्ठ को दी गई थी।

सोमैया ने कहा कि इस जमीन को पुलिस कल्याण कोष को दे दिया गया और इसमें से करीब 40,000 वर्ग फुट के भूखंड को किसी संस्था के सुपुर्द कर दिया गया और बाद में पेट्रोल पंप के लिए आरक्षित कर दिया गया। उन्होंने दावा किया, ''पेट्रोल पंप बनने के बाद रेलवे पुलिस के तत्कालीन एसीपी (प्रशासन) शाहजी निकम ने इसके पास विज्ञापन होर्डिंग लगाने की अनुमति दे दी। यह अवैध था, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।''

## आयकर विभाग की सीआर इमारत में लगी आग, एक अधिकारी की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की सीआर इमारत में मंगलवार को लगी भीषण आग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत 46 वर्षीय एक अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, उन्हें अपराह्न में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में किए गए फोन के जरिये आईटीओ क्षेत्र में सीआर इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''अग्निशमन विभाग और पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। आग पर काबू पा लिया गया और कुल सात लोगों को वहां से बचाया गया। घटनास्थल पर 46 वर्षीय एक अचेत मिला जिसे बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। वह इमारत में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत था।''

वहीं, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने कहा कि दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और एक व्यक्ति जिसे मामूली चोटें आई थी को पास के अस्पताल में भेजा गया।

मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा, ''हमें अपराह्न 3.07 बजे आयकर विभाग की सीआर इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की कुल 21 गाड़ियां भेजी हैं। हमने मामले की जांच और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय पुलिस को भी जानकारी दी।''



जनता दल एस के नेता एवं विधायक एचडी रेवन्ना को परप्पना अग्रहारा जेल से जमानत पर रिहा किया गया।

# जदएस विधायक एच डी रेवन्ना अपहरण के मामले में जेल से रिहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल सेक्युलर (जदएस) के विधायक और पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना को बेंगलूरु के बाहरी इलाके अनेकाल के पाराप्पना अग्रहारा स्थित केंद्रीय जेल से मंगलवार को रिहा कर दिया गया। एक विशेष अदालत (जनप्रतिनिधि) ने सोमवार को उन्हें अपहरण के एक मामले में जमानत दी थी।

पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे और पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना (66) को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक महिला के कथित अपहरण के मामले में चार मई को गिरफ्तार किया था। इस महिला का मामला एच डी रेवन्ना के बेटे और हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश गजानन भट ने मामले की सुनवाई की और एच डी रेवन्ना को सशर्त जमानत दी।

जेल में छह दिन रहने के बाद बाहर आने पर एच डी रेवन्ना का उनके समर्थकों ने नारेबाजी के साथ स्वागत किया। उनके लिए वहां गाड़ियों का एक बड़ा काफिला मौजूद था। वहां से वह अपने पिता एच डी देवेगौड़ा से मिलने के लिए गये। अदालत ने एच डी रेवन्ना को कई शर्तों के साथ जमानत दी, जैसे वह पांच लाख रुपये का मुचलका भरेंगे, उन्हें देश से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी और वह पीड़िता एवं अन्य संबंधित पक्षों को प्रभावित नहीं करेंगे।

एच डी रेवन्ना की तीन दिन की पुलिस हिरासत आठ मई को खत्म हुई थी जिसके बाद उन्हें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया था। इस अदालत ने उन्हें सात दिनों के लिए यानी 14 मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अपहरण का यह मामला एक महिला के बेटे की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था। इस व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि एच डी रेवन्ना के बेटे प्रज्ज्वल ने उसकी मां का यौन उत्पीड़न किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस महिला को प्रज्ज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए कथित रूप से अगवा कर लिया गया था। एसआईटी ने इस मामले के सिलसिले में एच डी रेवन्ना के करीबी सतीश बबन्ना को भी हिरासत में लिया था। एसआईटी ने तीन मई को बबन्ना को गिरफ्तार किया था और चार मई को कथित रूप से मैसूरु के हुंसर तालुक के एक फार्महाऊस से इस महिला को मुक्त कराया था। महिला को मुक्त कराये जाने से कुछ घंटे बाद एच डी रेवन्ना को बेंगलूरु के पद्मनाभनगर में देवेगौड़ा के आवास से गिरफ्तार किया गया।

# अश्लील वीडियो लीक करने के लिए 'बड़ी मछली' जिम्मेदार : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके भतीजे और हासन से पार्टी सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर महिलाओं के यौन शोषण के वीडियो लीक होने के लिए एक ''बड़ी मछली'' जिम्मेदार है। कुमारस्वामी ने परोक्ष रूप से उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार पर कटाक्ष किया। प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले के बारे में पत्रकारों से बातचीत में जद (एस) नेता कुमारस्वामी ने कहा कि मंड्या के एक विधायक ने कहा कि वीडियो जारी करने के पीछे 'बड़ी मछली' थी। ''वह 'बड़ी मछली' कौन है, इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, और कौन? आज मंड्या के एक विधायक ने 'बड़ी मछली' की बात कही। जो कुछ बड़ी मछली' कह रही है, वही छोटी मछली' भी कर रही है।'' उन्होंने कहा कि वकीलों की दलीलें सुनने से प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि एच डी रेवन्ना की गिरफ्तारी नफरत की ''राजनीति'' से प्रेरित है।

विधायक एच डी रेवन्ना कुमारस्वामी के भाई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की छवि खराब करने के लिए रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। उन्होंने सवाल किया कि जब वह सरकार में हैं' तो कोई 'बड़ी मछली' को कैसे पकड़ेगा। कुमारस्वामी के इस आरोप पर कि रेवन्ना को देवेगौड़ा को बदनाम करने के लिए गिरफ्तार किया गया, उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''बिल्कुल नहीं। देखिए, मुझे भी उनके (रेवन्ना) लिए दुख हो रहा है। मुझे भी लगता है कि ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। इतना बड़ा परिवार है। उन्हें जो सोचना है सोचें लेकिन मैं किसी का बुरा नहीं चाहता और मुझे इसकी जरूरत भी नहीं है।''

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि ''वह कुदरत के कानून में विश्वास करते हैं और उन्होंने भी बहुत कुछ सहा है। उन्होंने कहा, मुझे भी राजनीतिक साजिश का सामना करना पड़ा। मैं जानता हूं कि मैं कितना मजबूत और आत्मविश्वास से भरा हूं। यही कारण है कि भगवान ने मेरी रक्षा की।'' पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बड़े बेटे रेवन्ना को 29 अप्रैल को एक महिला के अपहरण के आरोप में उनके करीबी सतीश बबन्ना के साथ गिरफ्तार किया गया था। रेवन्ना के पुत्र प्रज्ज्वल राज्य की हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं और चुनाव के एक दिन बाद 27 अप्रैल को वह देश छोड़कर चले गए।

## यह जश्न मनाने का समय नहीं



सेक्स वीडियो स्कैंडल के आरोपी एच.डी.रेवन्ना को जमानता मिलने पर पर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के राज्य प्रमुख एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि यह उनके और पार्टी के लिए जश्न मनाने का समय नहीं है। अदालत द्वारा एच.डी. रेवन्ना को जमानत प्रदान किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुमारस्वामी ने कहा, ''मैं घटनाक्रम से खुश नहीं हूं, यह जश्न मनाने का समय नहीं है।'' पत्रकारों से बात करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए भी जश्न मनाने का यह उचित समय नहीं है और मुझसे भी जश्न मनाने की उम्मीद न करें। यह एक घृणित घटना है। एच.डी. रेवन्ना को उनके बेटे जद (एस) सांसद और एनडीए के लोकसभा उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े एक सेक्स वीडियो घोटाले की पीड़िता के अपहरण मामले में गिरफ्तार किया गया था। कुमारस्वामी ने कहा कि एच.डी. रेवन्ना की गिरफ्तारी राज्य के लिए एक शर्मनाक घटना थी।



शहर के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को बेंगलूरु में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान संपत्ति परेड का निरीक्षण किया और मालिकों को सामान सौंपा।

# पौने तीन करोड़ के मादक पदार्थ सहित 6 गिरफ्तार

बेंगलूरु। नगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने एक संवाददाता गोष्ठी में बताया कि सीसीबी पुलिस ने तीन विदेशियों सहित 6 लागों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 करोड़ 74 लाख रुपए मूल्य के निषेधित मादक पदार्थों को जब्त किया है। गिरफ्तार विदेशी नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका मूल के हैं। व्यापार और स्वास्थ्य के वीजा पर भारत आए यह विदेशी अपने परिचतों से गोवा, मुम्बई और दिल्ली से मादक पदार्थ मंगवाकर यहां बेच रहे थे। यह एमडीएमए और क्रिस्टल जैसे मादक पदार्थ यहां मंगवाकर उनके एक-एक ग्राम के पैकेट बनाकर प्रतिग्राम 10 हजार रुपए की दर से बेच रहे थे। सीसीबी पुलिस के अनुसार ड्रग में अच्छा मुनाफा होने से उनके जीवन शैली ऐशोआराम से चल रही है। पुलिस ने वीवी पुरम्, कॉटनपेट, कोथनूर आदि जगहों पर छापामार कर मादक पदार्थों को सीसीबी पुलिस ने जब्त किया है।

पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि बसवेश्वरनगर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 38 लाख रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण जब्त किए हैं। इस व्यक्ति ने कमलानगर स्थित एक मंदिर से 12 ग्राम सोने की चेन भी चोरी की थी। पुलिस ने इसके पास से 632 ग्राम सोना व 1 किलो चांदी जब्त की है। सोमवार को शंकरपुरम् जंक्शन के पास इस व्यक्ति को पुलिस ने घूमते हुए देखा।

तो पुलिस को कुछ संशय हुआ और पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले गई। जहां उसने चोरी की बात कबूली और उसने बताया कि उसने मैसूरु में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

वहीं बंडेपाल्या पुलिस थाना क्षेत्र में सीसीबी पुलिस ने नकली चाबी की मदद से चोरी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 422 ग्राम सोने के आभूषण जब्त किए हैं। इस व्यक्ति पर अनेक पुलिस थानों पर प्रकरण दर्ज हैं।

# कोई अंतर्कलह नहीं, कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस है एकजुट : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में किसी अंतर्कलह से मंगलवार को इनकार किया और कहा कि पार्टी एकजुट है। उन्होंने संवाददाताओं से सवालिये लहजे में कहा, हमारे बीच मतभेद कहां है? क्या हमारे बीच लड़ाई चल रही है? वे (भाजपा वाले) कह रहे हैं कि यह अलग है, वे राजनीति की वजह से ऐसा कहते हैं.... अंतर्कलह कहां है?'' वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि प्रदेश भाजपा के कुछ नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस सरकार अंतर्कलह की वजह से गिर जाएगी।

सिद्दरामैया ने कहा, हमारी बीच कोई अंदरूनी कलह नहीं है। यदि अंदरूनी कलह होती तो क्या हम एकजुट होकर संसदीय चुनाव का सामना कर पाते? कोई मतभेद नहीं है , न ही अंदर, न ही बाहर। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने में 'महाराष्ट्र मॉडल' को दोहराने की कोशिश संबंधित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कथित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, वे (भाजपा नेता) एक साल से ऐसा दावा कर रहे हैं। वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री हैं, उन्हें हमारी सरकार के बारे में बोलने के बजाय पहले अपनी सरकार बचाने दें।'' प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने सोमवार को कहा था कि उनकी पार्टी इस सरकार को गिराने की कोई कोशिश नहीं करेगी लेकिन लोकसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस में जिस प्रकार की अशांति पैदा होगी, उस बारे में वह अपने आप से कोई अनुमान नहीं लगा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'बतौर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मैं कह रहा हूं कि भाजपा जिम्मेदार विपक्ष के रूप में सफलतापूर्वक काम कर रही है और हम ऐसा करते रहेंगे।'

उन्होंने कहा, 'किसी ऑपरेशन (अभियान) की जरूरत नहीं है लेकिन चुनाव नतीजों का सत्तारूढ़ दल पर जो असर होगा, हम उसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।' राज्य में भाजपा और जनता दल सेक्युलर (जदएस) के नेता लोकसभा चुनाव के बाद या वर्तमान विधानसभा के कार्यकाल के बीच में ही सत्तारूढ़ दल में नेतृत्व परिवर्तन की अनवरत



अटकलबाजी के बीच सरकार के गिर जाने का कई बार अनुमान प्रकट कर चुके हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्दरामैया एवं शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई थी और कांग्रेस को शिवकुमार को मनाना पड़ा था। पार्टी ने उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया था।

उसी समय कुछ ऐसी खबरें आयी थीं कि बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनाने के' फार्मूले के आधार पर समझौता हुआ था। उसके हिसाब से ढाई साल के बाद शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। हालांकि पार्टी ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को कभी नहीं छिपाया है। सिद्दरामैया लोकसभा चुनाव के दौरान जन समर्थन जुटाने की पुरजोर कोशिश में लगे हैं ताकि कांग्रेस राज्य में अधिक से अधिक सीट जीते जिससे उनकी (सिद्दरामैया की) स्थिति मजबूत होगी।

सिद्दरामैया ने तीन जून को कर्नाटक विधानपरिषद की छह सीट के लिए होने वाले चुनाव (तीन स्नातक एवं तीन अध्यापक निर्वाचन मंडल में) में भी कांग्रेस के सफल होने का विश्वास प्रकट किया है। उन्होंने कहा, ''माहौल अच्छा है, कांग्रेस ने इस चुनाव को गंभीरता से लिया है। हमने छह महीने पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी ताकि प्रत्याशियों को मतदाताओं से मिलने का समय मिले।'' उन्होंने कहा भाजपा-जदएस गठबंधन का विधानपरिषद चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि वे पहले भी तो संसदीय चुनाव में गठजोड़ में हैं।

जब सिद्दरामैया से पूछा गया कि क्या पेन ड्राइव मामले (जदएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल) का विधानपरिषद चुनाव खासकर मैसूरु क्षेत्र में असर होगा तो उन्होंने कहा, पेन ड्राइव मामले का चुनाव से कोई लेना देना नहीं है क्योंकि मतदातता स्नातक एवं अध्यापक हैं।

# विचित्र विज्ञापन, मृतका की शादी के लिए दिवंगत वर की तलाश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। कर्नाटक के दक्षिणी कन्नड़ जिले के अखबार में प्रकाशित शादी का एक विज्ञापन चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि इसे तीन दशक पहले मर चुकी महिला के लिए सुयोग्य वर के लिए प्रकाशित किया गया है। यह विचित्र विज्ञापन दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थित पुत्तुर के एक परिवार ने दिया है जिसका मानना है कि उनकी दिवंगत बेटी की शादी नहीं होने की वजह से परिवार पर संकटों का पहाड़ टूट रहा है।

परिवार के मुताबिक, करीब तीस साल पहले नवजात बच्ची की मौत हो गई थी और तब से ही उन्हें अप्रत्याशित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परिवार ने जब बड़े-बुजुर्गों से बात की तो उन्हें बताया गया कि हो सकता है कि दिवंगत बेटी की भटक रही आत्मा इसका कारण हो।

परिवार ने उसकी आत्मा की शांति के लिए उसका विवाह कराने का फैसला किया और 30 साल पहले मर चुकी महिला के लिए वर खोजने के लिए अखबार में विज्ञापन दिया जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

विज्ञापन में कहा गया, तीस साल पहले मर चुकी दुल्हन के लिए 30 साल पहले मर चुके दूल्हे की तलाश है। कृपया प्रेत मुदुवा (प्रेतों का विवाह) के लिए संबंधित नंबर पर संपर्क करें। मृतका के माता-पिता तमाम कोशिश के बावजूद उसी उम्र और जाति के एवं उतने समय पहले ही दिवंगत हुए वर की तलाश पूरी नहीं होने से दुखी हैं। मृत व्यक्ति की अपारंपरिक शादी की परंपरा तुलुनाडू क्षेत्र में प्रचलित है। इस क्षेत्र के अंतर्गत कर्नाटक और केरल के कासरगोड जिले के हिस्से आते हैं जहां पर स्थानीय बोली तुलु बोली जाती है। इस क्षेत्र में मृतकों की शादियों का भावनात्मक महत्व है। तुलुवा लोक संस्कृति के जानकारों के मुताबिक, दिवंगत आत्मा का परिवार से जुड़ाव बना रहता है और वे खुशी एवं गम साझा करते हैं

# रेल हादसे में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को मुआवजा का आदेश


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के एक फैसले को पलटते हुए उस महिला के परिवार को आठ लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया जो फरवरी 2014 में गलत ट्रेन से उतरने के प्रयास में अपनी जान गंवा बैठी थी। जयम्मा और उनकी बहन रत्नम्मा गलती से अशोकपुरम/मैसूर जाने के लिए तिरूपति पैसेंजर ट्रेन के बजाय थुतुकुडी एक्सप्रेस में चढ़ गईं थीं। जैसे ही ट्रेन चलने लगी तो उन्हें जानकारी हुई कि वो गलत ट्रेन में चढ़ गई हैं जिसके बाद वे घबरा गईं और उतरने का प्रयास करने लगीं। तभी दुर्भाग्यवश जयम्मा नीचे गिर गई और उसे गंभीर चोटें आईं।

प्रारंभ में रेलवे दावा न्यायाधिकरण ने जयम्मा के परिवार की याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि जयम्मा ने उपलब्ध विकल्प जैसे अगले स्टेशन तक ट्रेन में ही रहने या ट्रेन को आपातकालीन रूप से रोकने के लिए चेन खींचने के विकल्प का उपयोग नहीं किया था। न्यायाधिकरण ने जयम्मा की मौत को भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 124-ए के तहत 'खुद को पहुंचाई गई चोट' माना और मुआवजे देने से इनकार कर दिया था।

कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एच पी संदेश न्यायाधिकरण द्वारा कही गई बातों से असहमत थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जयम्मा एक यात्री थीं और उनकी मृत्यु एक 'अप्रिय घटना' के कारण हुई। न्यायाधीश ने धारा 124-ए पर न्यायाधिकरण की निर्भरता की आलोचना की और कहा कि इसे इस मामले में गलती से लागू किया गया था। नतीजतन अदालत ने रेलवे को पीड़िता के परिवार को सात प्रतिशत ब्याज के साथ चार लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि परिवार को दी जाने वाली अंतिम राशि ब्याज सहित आठ लाख रुपये से कम नहीं होनी चाहिए।

# बीबीएमपी ने 185 झीलों के कायाकल्प के लिए कॉर्पोरेट्स और निकायों से प्रस्ताव आमंत्रित किए



'हमारे सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें अतिक्रमण, सीवेज प्रवाह, ठोस अपशिष्ट डंपिंग आदि शामिल हैं। कुछ मामलों में, रासायनिक प्रवाह भी है। अपर्याप्त धन और कर्मचारियों की कमी और अंतरविभागीय तालमेल के साथ ये कारक उचित योजना को प्रभावित करते हैं।' उन्होंने कहा, 'भूगोल और भू-तकनीकी पहलुओं की उचित समझ सहित तकनीकी ज्ञान की कमी भी झील कायाकल्प के धीमे विकास का कारण है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बीबीएमपी ने अगले चार वर्षों के भीतर बेंगलूरु सीमा में 185 झीलों के कायाकल्प का लक्ष्य रखा है। बेंगलूरु चैंबर्स ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स (बीसीआईसी) द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए बीबीएमपी वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन (एफईसीसी) की आयुक्त प्रीति गहलोत ने कहा कि शहर में बीबीएमपी सीमा के भीतर 202 झीलें हैं। बाकी 17 झीलें कायाकल्प से परे हैं या उन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है।

उन्होंने कहा, 'हमारे सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें अतिक्रमण, सीवेज प्रवाह, ठोस अपशिष्ट डंपिंग आदि शामिल हैं। कुछ मामलों में, रासायनिक प्रवाह भी है। अपर्याप्त धन और कर्मचारियों की कमी और अंतरविभागीय तालमेल के साथ ये कारक उचित योजना को प्रभावित करते हैं।' उन्होंने कहा, 'भूगोल और भू-तकनीकी पहलुओं की उचित समझ सहित तकनीकी ज्ञान की कमी भी झील कायाकल्प के धीमे विकास का कारण है। हमने दीर्घकालिक प्रभाव वाली पहल करने के लिए एक व्यापक योजना पर काम करने के वास्ते बीबीएमपी के भीतर बेंगलूरु जलवायु कार्य योजना भी स्थापित की है।'

प्रीति गहलोत ने कहा, 'जिन सात क्षेत्रों पर हमने काम करने की पहचान की है, उनमें परिवहन, ऊर्जा और भवन, ठोस अपशिष्ट, जल और अपशिष्ट जल, वायु गुणवत्ता, शहरी नियोजन, हरियाली और जैव विविधता और आपदा लचीलापन शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि बीबीएमपी ने अपनी सामुदायिक भागीदारी झील संरक्षण नीति 2024 कर्नाटक उच्च न्यायालय को सौंप दी है, जिसे मंजूरी मिलने पर जनता के लिए पेश किया जाएगा। जबकि हम उच्च न्यायालय से अनुमोदन का इंतजार कर रहे हैं, हम कॉर्पोरेट्स, व्यक्तिगत निकायों, या निवासी कल्याण संघों को शहर में झीलों के संरक्षण और कायाकल्प के लिए संपत्ति और रखरखाव के संदर्भ में योगदान करने के प्रस्तावों के साथ आगे आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण प्राथमिकता नहीं है। स्क्रीनिंग प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रस्तावों में तकनीकी टीम के समर्थन के साथ-साथ फंडिंग की स्पष्टता भी होनी चाहिए। हमारा ध्यान पूरी तरह क्रियान्वयन पर है। अगले 3 से 4 महीनों में विभिन्न हितधारकों के साथ उचित योजना बनाकर झीलों के दृष्टिकोण से जल संकट को हल करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उद्घाटन भाषण देते हुए बीसीआईसी अध्यक्ष और टीवीएस मोटर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एस देवराजन ने कहा, 'हालांकि जल संरक्षण की कई पहल की गई हैं। फिर भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बीसीआईसी को शहर में पानी की स्थिति से निपटने के लिए बीबीएमपी को कोई भी सहायता देने में खुशी होगी।'

सीएसआर और सोशल ब्रांडिंग विशेषज्ञ समिति, बीसीआईसी अध्यक्ष और वोल्वो ग्रुप निदेशक जीवी राव ने कहा, 'झीलें हमारी जीवन रेखाएं हैं, न कि सिर्फ जलाशय। झील संरक्षण को प्राथमिकता देना सर्वोपरि है, क्योंकि निष्क्रियता के परिणाम गंभीर होते हैं। आज हमारे पास सरकार, उद्योग, नागरिक समूहों के बीच सामूहिक कार्रवाई का बड़ा अवसर है। मंजूरी मिलने में जटिलता और अन्य कानूनी मुद्दों के कारण कई कॉर्पोरेट्स झील के पुनरुद्धार के लिए आगे आने से झिझक रहे हैं। बीबीएमपी द्वारा अपने नीतिगत ढांचे के माध्यम से झील के पुनरुद्धार के लिए साझेदारी के रास्ते खोलने के साथ हमारा मानना है कि कई लोग इस दिशा में काम करने के लिए आगे आएंगे।

प्रीति गहलोत ने कहा, 'हम झील संरक्षण और कायाकल्प के लिए प्रमुख और गैर-प्रमुख दोनों कार्यों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करते हैं। झील कायाकल्प कार्य के मुख्य घटकों में बाड़ लगाना, गाद निकालना, मुख्य बांध सुधार, परिधीय बांध निर्माण, इनलेट स्ट्रीम से गाद हटाना, नाले का जीर्णोद्धार, सीवेज उपचार और जल संतुलन के लिए आर्द्रभूमि का निर्माण और स्लुइस गेट और आउटलेट सुधार का निर्माण शामिल है।' उन्होंने बताया कि गैर-प्रमुख कार्यों में बांध क्षेत्र पर पैदल मार्ग में सुधार, सुरक्षा, गेट और डिस्प्ले बोर्ड का निर्माण, पार्क क्षेत्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, ओपन जिम उपकरण, सीसीटीवी, लाइट पोल, पानी की गुणवत्ता की डिजिटल निगरानी जैसी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। झीलों के विकास के लिए, हम जैव विविधता बनाए रखने के वास्ते एरेटर, फ्लोटिंग आइलैंड्स की स्थापना और झील में मछलियां छोड़ने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करते हैं।

# रायबरेली में राहुल गांधी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे डी के शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए प्रचार करेंगे, जो उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार ने चुनाव के बाद देश में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) के सत्ता में आने का भरोसा भी जताया।

शिवकुमार ने कहा, मैं उत्तर प्रदेश में (लोकसभा) चुनाव प्रचार के लिए रायबरेली जा रहा हूं। मैं दो दिनों तक यहां (बेंगलूरु) नहीं रहूंगा, मैं आज जा रहा हूं। मैंने अनुरोध किया है कि मेरा जन्मदिन (15 मई) मनाने के लिए कोई भी (मेरे आवास के पास) न आए और कोई जश्न नहीं होना चाहिए।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हर जगह अच्छा माहौल है। 'इंडि' गठबंधन जीतेगा और मुझे विश्वास है कि हम सरकार बनाएंगे। रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पहले राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी, उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके दादा फिरोज गांधी कर चुके हैं। रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र में सात चरण के आम चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। राहुल गांधी ने केरल के वायनाड क्षेत्र से भी मौजूदा लोकसभा चुनाव लड़ा, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था।

शिवकुमार ने पहले ही अपने समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों से आग्रह किया है कि वे राज्य में गंभीर सूखे के मद्देनजर 15 मई को उनका जन्मदिन न मनाएं और उनके आवास या कार्यालय भी न आएं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिराने के लिए 'महाराष्ट्र मॉडल' दोहराने के प्रयासों के संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कथित बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उनकी (शिंदे की) अपनी सरकार संकट में होगी क्योंकि वहां चीजें उलट सकती हैं।



# आज से फिर जोर पकड़ेगी गर्मी, लू की चेतावनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अनेक इलाकों में बुधवार से गर्मी फिर जोर पकड़ेगी और मौसम विभाग ने कई जगह लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार जोधपुर, बीकानेर संभाग में 15-16 मई को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने तथा लू चलने और 17-18 मई को पश्चिम राजस्थान में तीव्र लू चलने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के कई हिस्सों में बारिश व आंधी चलने से पिछले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान कम हुआ और लोगों को गर्मी से राहत मिली थी।

केंद्र के अनुसार उदयपुर, कोटा, जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मंगलवार को भी तेज गर्जना के साथ आंधी, बारिश व कहीं-कहीं वज्रपात होने की संभावना है। आंधी बारिश की गतिविधियां 15 मई से कम होंगी जबकि 16 मई से राज्य के अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है।

मौसम केंद्र जयपुर की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, बीकानेर और जोधपुर संभाग में 15 से 16 मई के दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। खासकर पश्चिम राजस्थान में 17-18 मई के दौरान तीव्र लू चलने का पूर्वानुमान जताया गया है।

# सलमान खान को काला हिरण मामले में मिलेगी माफी ! दो गुटो में बंटा बिश्नोई समाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को काला हिरण शिकार मामले में सशर्त माफी देने वाले बयान को लेकर बिश्नोई समाज के अंदर दो गुट बन गए हैं। एक गुट 'भाईजान' की माफी पर विचार करने को तैयार है तो दूसरा इसका विरोध कर रहा है। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुढिया के बयान को लेकर बिश्नोई टाइगर फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद ने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उनका कहना है कि माफी शब्द का इस्तेमाल ही गैरकानूनी है। भवाद ने वीडियो के जरिए समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा है कि सलमान खान काला हिरण शिकार मामले में बेकार और गैरकानूनी बयानबाजी से बचें। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वन्य जीव अपराध मामलों में राज्य सरकार केस लड़ती है। इसमें चिंकारा, काला हिरण, बाघ आदि जानवर आते हैं। समाज के साथियों से अनुरोध है कि न्यायिक जगत की कानूनी परिभाषा के अंतर्गत माफी जैसे शब्द गैरकानूनी हैं। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की सही जानकारी नहीं होने की वजह से पर्यावरण प्रेमी हंसी का पात्र बन रहे हैं।

बता दें कि सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद फिल्मी जगत की हस्तियों ने वीडियो जारी करके बिश्नोई समाज से माफी मांगी थी। सभी ने सलमान खान को माफ करने की अपील की थी। राखी सावंत के सोमी अली की अपील के बाद अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष ने बयान जारी करते हुए कहा था कि अगर सलमान लिखित में माफी भेजता है तो उसपर विचार किया जाएगा। 26 साल पुराने काला हिरण मामले में बिश्नोई समाज सलमान खान को माफ कर सकता है। समाज के लोग बैठकर इसपर फैसला ले सकते हैं। अगर सलमान खान खुद मंदिर में आकर माफी मांगे तो बात बन सकती है। बुढिया का कहना है कि बिश्नोई समाज के 29 नियमों में से एक नियम माफी का भी है।



# कोटा से लापता हुआ कोचिंग छात्र कुशीनगर में मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा से लापता हुये कोचिंग छात्र को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बरामद कर लिया है। बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना इलाके के मोहनगंज गांव निवासी कोचिंग छात्र अमन कुमार सिंह (19) रविवार को अचानक लापता हो गया। वह यहां अपने छोटे भाई रौनक सिंह राजपूत (16) के साथ कोटा के कुन्हाड़ी थाना इलाके में एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह कर नीट की कोचिंग कर रहा था और गत पांच मई को परीक्षा भी दे चुका था, लेकिन रविवार को देर रात वह एक पत्र में यह संदेश छोड़कर लापता हो गया कि उसे कोटा बैराज (चम्बल नदी के किनारे) के आसपास तलाश कर लेना। कोचिंग छात्र अमन कुमार सिंह के इस पत्र से सब सकते में आ गये। उसके भाई रौनक सिंह राजपूत ने पहले मकान मालिक के साथ आसपास के इलाके में तलाश किया लेकिन जब कहीं नहीं मिला तो कुन्हाड़ी थाने में लिखित में रिपोर्ट पेश की जिसे पुलिस ने काफ़ी गंभीरता से लिया और व्यापक पैमाने पर लापता कोचिंग छात्र अमन कुमार सिंह की तलाश शुरू की।

पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ अमृता दुहन ने मंगलवार को बताया कि कोचिंग छात्र अमन कुमार सिंह अपना मोबाइल फोन भी कमरे में ही छोड़ गया था, इसीलिये उसे ट्रेस करने में दिक्कत तो थी लेकिन पुलिस ने हार नहीं मानी और न केवल विभिन्न सरकारी एजेंसियों की नावों और गोताखोरों की मदद से अमन कुमार सिंह की न केवल चम्बल नदी में काफी तलाश करवाई, बल्कि पूरे इलाके,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि के सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

पुलिस को विभिन्न स्रोतों के जरिये जांच-पड़ताल करने के बाद सोमवार को कोचिंग छात्र अमन कुमार सिंह के उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में होने की जानकारी मिली तो कोटा पुलिस अधीक्षक डॉ दुहन ने तत्काल कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक से फ़ोन पर बातचीत कर उन्हें कोटा से लापता कोचिंग छात्र की कुशीनगर में रुके होने की जगह चिह्नित कर भेजी जिसके आधार पर कुशीनगर ने कोचिंग छात्र अमन कुमार सिंह को दस्तयाब कर लिया, जिसे कोटा लाने के लिये पुलिस टीम कुशीनगर रवाना हो गयी है, और उसकी बरामदगी के बाद कोटा पुलिस ने राहत की सांस ली है।

अभी कोटा का एक और कोचिंग छात्र लापता है, जिसे भी कोटा पुलिस तलाश कर रही है। नीट की पांच मई को हुई प्रवेश परीक्षा के अगले ही दिन एक और कोचिंग छात्र गंगापुर जिले के बामनवास निवासी राजेन्द्र मीणा भी परीक्षा देने के बाद लापता हो गया था और इसके पहले उसने परिवारजनों के नाम संदेश छोड़ा था कि ..अब पढ़ाई नहीं करनी है, इसलिये पांच साल के लिये घर छोड़ रहा हूं।.. इस छात्र का भी अभी सुराग नहीं मिला है।

# पुलिस से घिरा देख बदमाश ने खुद को मारी गोली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झुंझुनू। राजस्थान के झुंझुनू जिले के सिंघाना में बदमाश संजय उर्फ भेड़िया ने पुलिस से घिरता देखकर मंगलवार को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गयी। सिंघाना थाने के सहायक उपनिरीक्षक विद्याधर शर्मा ने बताया कि हरियाणा की एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि संजय सिंघाना थाना क्षेत्र के मेहराणा के पास छिपा हुआ है, तो टीम ने वहां दबिश दी थी। मंगलवार दोपहर को बहादुरगढ़ एसटीएफ ने बूटीनाथ आश्रम के पास संजय को घेर लिया। खुद को घिरा देख संजय ने हवाई फायरिंग की और खेतों में भागने लगा।

पुलिस ने करीब आधा किलोमीटर खेतों में संजय का पीछा किया, इस बीच संजय खेतों की ताराबंदी पार कर दूसरी तरफ चला गया। कुछ मीटर दूर जाकर पुलिस ने संजय को चारों तरफ से घेर लिया। बचने के लिये संजय ने पुलिस की ओर जमीन पर फायर भी किया लेकिन उसे बचने का रास्ता नहीं मिला। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे उसने खुद की कनपटी पर गोली मार ली।

घटना के बाद पुलिस बदमाश को सिंघाना के सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाश संजय हरियाणा के चरखी दादरी का रहने वाला था। उस पर 5 हजार रुपए का इनाम भी था। बदमाश के खिलाफ लूट, अपहरण सहित 20 से ज्यादा मामले दर्ज थे। घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

भेड़िया के नाम से कुख्यात गैंगस्टर संजय हरियाणा के चरखी दादरी जिले में क्रेशर ठेकेदारों से रंगदारी, लूट और अपहरण करता था। बदमाश पर हरियाणा के बहादुरगढ़ और महेंद्रगढ़ जिले में भी कई मामले दर्ज थे। दस अक्टूबर 2020 की सुबह संजय उर्फ भेड़िया ने अपने दोस्त रोहित कलियाणा के साथ मिलकर क्रेशर ठेकेदार सोमबीर घसौला की अनाज मंडी स्थित दुकान और मकान पर फायरिंग कर दी थी।

# राजस्थान में सोने की दो खदानों के पात्र बोलीदाताओं में हिंदुस्तान जिंक, जिंदल पावर शामिल

नयी दिल्ली/जयपुर। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक, जिंदल पावर और जेके सीमेंट उन कंपनियों में शामिल हैं जो राजस्थान में सोने की दो खदानों की नीलामी के लिए तकनीकी रूप से पात्र बोलीदाताओं के रूप में उभरी हैं। रामगढ़ मिनरल्स एंड माइनिंग लिमिटेड, हीराकुंड नैचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, जिंदल पावर, हिंदुस्तान जिंक और सैयद ओवैस अली भुकिया-जगपुरा स्वर्ण ब्लॉक के लिए तकनीकी रूप से पात्र बोलीदाताओं के रूप में सामने आई हैं। राजस्थान सरकार के खान एवं भूविज्ञान विभाग (डीएमजी) की वेबसाइट के मुताबिक, कांकरिया गारा स्वर्ण ब्लॉक के लिए हीराकुंड नैचुरल रिसोर्सेज, पोद्दार डायमंड, ओवैस मेटल एंड मिनरल्स प्रोसेसिंग, हिंदुस्तान जिंक और जेके सीमेंट पात्र बोलीदाताओं के रूप में उभरकर सामने आई हैं। वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, सोने के इन दोनों ब्लॉक की नीलामी इसी हफ्ते होगी। इन दोनों खदानों की नीलामी की प्रक्रिया इसी साल मार्च में शुरू हुई थी। आंध्र प्रदेश में स्थित देश की पहली बड़ी निजी स्वर्ण खदान का पूर्ण पैमाने पर उत्पादन 2024 के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। जोन्नागिरी स्वर्ण परियोजना पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू होने के बाद सालाना लगभग 750 किलोग्राम सोने का उत्पादन करेगी।

## बुजुर्ग महिला व उसके पोते की हत्या

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सांगानेर इलाके में सोमवार को एक किरायेदार ने कथित तौर पर 55 वर्षीय एक महिला और उसके नाबालिग पोते की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोज बैरवा ने बहस के बाद महिला प्रेम देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी ने वहां खड़े महिला के सात वर्षीय पोते गौरव की भी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शवों को घर की पानी की टंकी में फेंक दिया। बाद में आरोपी को पकड़ लिया गया और पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में ले लिया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह को मंगलवार को एक मामले में 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिदेशक डा रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि दुर्घटना के प्रकरण में साधारण कार्यवाही करने एवं जब्त पिकअप को जल्दी छोड़ने की एवज में रघुवीर सिंह 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं।इस पर ब्यूरो टीम ने सत्यापन के बाद रघुवीर सिंह को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी से दो हजार रुपए रिश्वत के रुप में वसूल कर लिये। एसीबी के उपमहानिरीक्षक रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।

## बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में पूरक आने पर छात्र ने की आत्महत्या

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर शहर के हाथीपोल थाना क्षेत्र में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं की परीक्षा में पूरक आने पर एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय के नर्सिंग कर्मियों के आवासीय परिसर में रह रहे मृतक छात्र लक्ष्य साहू की कल ही घोषित किये गये सीबीएसई बोर्ड में सप्लीमेंट्री आया था। बताया गया है कि इस परिणाम से निराश होकर लक्ष्य साहू ने गत रात्रि रसोई में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की माता एम बी अस्पताल में नर्सिंगकर्मी है, जिन्हें एम बी अस्पताल के आवासीय क्वार्टर आवंटित था। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद नाबालिग ने आत्महत्या की : पुलिस

जयपुर। राजस्थान के चुरू जिले में 17 साल की एक नाबालिग ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। चुरू के पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया शुक्रवार को हुई इस घटना के सिलसिले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। परिजनों ने सामाजिक लोकलाज के कारण घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी और पुलिस को इसकी जानकारी तब हुई जब नाबालिग को इलाज के लिए एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रविवार को उसकी मौत हो गई।



# ड्रग्स अपराधियों के विरूद्ध मुहिम चलाकर सख्त कार्यवाही करें : मुख्य सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा सोमवार को शासन सचिवालय में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कारागार, गृह रक्षा, अभियोजन तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विभागाध्यक्षों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि राज्य में मादक पदार्थ, खनन माफिया, संगठित अपराध के विरूद्ध सघन निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला अत्याचार के प्रति अति संवेदनशील है। महिलाओं के साथ किसी भी तरह की घटना होने पर उसकी त्वरित जांच कर अपराधी को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी कार्मिकों तथा कम्युनिटी पुलिसिंग को भी क्रियाशील किया जाये जिससे अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास हो। मुख्य सचिव पंत ने निर्देश दिये कि अपराधियों को सजा दिलवाने हेतु राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा त्वरित सेंपल परीक्षण किये जायें। जेलों में नवीनतम तकनीकों का अध्ययन कर जैमर/टावर लगवाये जाये ताकि जेल से अपराधियों द्वारा बाहर सम्पर्क नहीं किया जा सके।

बैठक में श्रीमती रश्मि गुप्ता, यू.आर. साहू, महानिदेशक पुलिस, राजेश निर्वाण, महानिदेशक, गृह रक्षा व कारागार, रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक, एसीबी, रवि शर्मा, निदेशक, अभियोजन, अजय शर्मा, निदेशक, एफएसएल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

# चिकित्सा विभाग में स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई : शुभ्रा सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बिना सूचना के लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

श्रीमती सिंह के निर्देशों के बाद निदेशक (अराजपत्रित) राकेश कुमार शर्मा ने समस्त राजकीय मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रकों, समस्त अधीक्षकों, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रमुख चिकित्साधिकारियों सहित सभी नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे कार्मिकों की सूचना मांगी है। साथ ही इन कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव भी भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने बताया कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के मामलों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। ऐसे कार्मिकों को 3 दिवस में कर्तव्य पर उपस्थित होने के लिए संबंधित नियंत्रण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

# जादू-टोना करने वाले आरोपियों ने नाबालिग को खेत में जलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भरतपुर। भरतपुर की गहनौली थाना पुलिस ने नाबालिग की हत्या कर उसके शव को जलाकर सबूत मिटाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मध्यप्रदेश से एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर लाए थे, जिसके बाद उसमें से एक व्यक्ति ने नाबालिग से शादी कर ली। कुछ दिनों बाद आरोपियों ने नाबालिग की हत्या कर उसे गांव के खेत में जला दिया। उधर परिजनों की रिपोर्ट पर मप्र पुलिस भी नाबालिग की तलाश में जुटी थी।

थानाधिकारी ने बताया कि 27 अप्रैल को सूचना मिली थी कि नगला पितु गांव में रामेश्वर, राजेश और रामे भगत ने एक शव को खेत में जलाया है, जिसके बाद पुलिस ने गांव में पूछताछ की और मौके से साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों से पूछताछ के बाद नाबालिग के बारे में पता चलने पर ठेमी पुलिस से संपर्क किया गया। मामला सामने आने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने आज इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के साथ पूछताछ में पता चला है कि तीनों ही जादू-टोने का काम करते थे। मामले में और भी आरोपियों के शामिल होने की संभावना है। मप्र के नरसिंहपुर की ठेमी पुलिस भी मामले में आरोपियों से पूछताछ करेगी।

## दिल्ली और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जयपुर। दिल्ली व राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को हरियाणा के एक बदमाश को हनुमानगढ़ जिले में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में बदमाश सागर के पैर में गोली लगी और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स , दिल्ली पुलिस एवं हनुमानगढ़ जिले की पुलिस टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई में बदमाश सागर उर्फ शंकर (20) को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया।

दोनों तरफ से हुई फायरिंग में लाठ गांव (सोनीपत-हरियाणा) के निवासी सागर के पैर में गोली लगने से उसे हनुमानगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सागर दिल्ली के अलीपुर में 22 अप्रैल को नरेंद्र मलिक हत्याकांड में शामिल बताया जा रहा है।

# 17.5 करोड़ का इंजेक्शन अमेरिका से जयपुर पहुंचा, मासूम हृदयांश की बचेगी जिंदगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉपी से पीड़ित हृदयांश की जान अब बच जाएगी और वो आम बच्चों की तरह ही जिंदगी जी सकेगा। उसे 17.5 करोड़ रुपए कीमत का इंजेक्शन लगने जा रहा है। जेके लोन अस्पताल में इस बच्चे को यह इंजेक्शन लगाया जा रहा है। इसके बाद बच्चा अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा। जयपुर में पुलिस, प्रेस और अन्य भामाशाहों के जरिये क्राउड फंडिंग की गई, तभी हृदयांश का इलाज संभव हो सका। हृदयांश के परिजनों के मुताबिक इंजेक्शन बनाने वाली अमेरिकन कंपनी ने भी इसमें मदद की है। उन्होंने 17.5 करोड़ रुपए चार किश्तों में लेने की छूट प्रदान की। अब तक लोगों की मदद से एकत्र 9 करोड़ रुपए कंपनी को जमा करवा दिए हैं। बाकी किश्तें



तीन किश्तों में अदा किए जाएंगे।

आपको बता दें कि अमेरिका से लाया गया जोलगेनेस्मा इंजेक्शन सोमवार को जयपुर के जेके लॉन हॉस्पिटल में पहुंच गया है। आज हृदयांश के प्री-टेस्ट और पेपर वर्क कंप्लीट किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद कागजी कार्रवाई कर इंजेक्शन लगाया जाएगा।

स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी एक जेनेटिक बीमारी है। इसके कारण हृदयांश का कमर से नीचे का हिस्सा बिल्कुल भी काम नहीं करता है। इस बीमारी का इलाज 24 महीने की उम्र तक ही किया जाता है। इस बीमारी का समय पर इलाज नहीं होने पर यह पूरे शरीर में फैल जाती है। फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं।

## पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में फेसिलिलेटर की भूमिका निभायें : पंत

जयपुर। राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने कहा है कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त खानधारकों को राज्य स्तरीय समिति सीया से पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में संबंधित विभागों को फेसिलिलेटर की भूमिका निभानी होगी। पंत मंगलवार को सचिवालय में माइंस, पर्यावरण, सीया और सेक के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



# मतुआ समुदाय के सदस्यों को नागरिकता मिलेगी, ममता सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बनगांव (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत मंगलवार को आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता मिलेगी।

शाह ने इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इसके बारे में अफवाह फैलाने का आरोप भी लगाया।

शाह ने मतुआ समुदाय के गढ़ बनगांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''ममता बनर्जी बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन को कभी नहीं रोक सकतीं क्योंकि यह केंद्र सरकार का कानून है।'' उन्होंने कहा, ''दुनिया की कोई भी ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती। ये मोदी जी का वादा है। ममता बनर्जी को यह याद रखना चाहिए कि नागरिकता केंद्र सरकार के विशेष अधिकार के अंतर्गत है, न कि राज्य सरकारों के अधीन।

शाह ने बनर्जी पर सीएए के बारे में झूठ बोलने और अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी यह झूठ बोल रही हैं कि जो कोई भी सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मैं मतुआ समुदाय के लोगों को आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। आपको नागरिकता मिलेगी और आप देश में सम्मान के साथ रह सकेंगे।

# 'राम राज्य का आशय जनता में कर्तव्य बोध के संचार से है, किसी 'थियोक्रेटिक स्टेट' से नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**लखनऊ/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अपने एक अहम बयान में कहा कि राम राज्य का आशय किसी 'थियोक्रेटिक स्टेट' (किसी एक धर्म आधारित शासन व्यवस्था वाला देश) से नहीं है। राम राज्य का मतलब जन सामान्य के अंदर एक जिम्मेदारी की भावना या कर्तव्य बोध का संचार करने से है। लखनऊ से सांसद और इसी सीट से लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने यहां आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा, ''हम लोगों ने कहा था कि राम हमारी आस्था के केंद्र हैं। हमको बहुमत मिलेगा तो अयोध्या की धरती पर राम का भव्य मंदिर बनेगा। आपने देखा कि वह काम भी हो गया। मुझे तो अब लगने लगा है कि भगवान राम अपनी झोपड़ी से निकाल कर अपने महल में प्रवेश कर चुके हैं, इसलिये भारत में राम राज्य का आगाज होकर रहेगा। मुझे इसका पक्का विश्वास है।'' उन्होंने कहा, ''यदि मैं राम राज्य की बात करता हूं तो इसका मतलब किसी 'थियोक्रेटिक स्टेट' से नहीं है। राम राज्य का मतलब यह होता है कि जन सामान्य के अंदर एक जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न हो, कर्तव्य का बोध उत्पन्न हो। जब लोगों के बीच कर्तव्य बोध उत्पन्न नहीं होगा और केवल अधिकार बोध ही उत्पन्न होगा, तब राम राज्य नहीं आ सकता।'' सिंह ने रामायण का जिक्र करते हुए कहा कि कैकयी के अंदर कर्तव्य बोध नहीं था, बल्कि एक अधिकार बोध था जिसके कारण सारा संकट पैदा हुआ और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को वनवास के लिए जाना पड़ा था।

रक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीति का अर्थ एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था से है जो समाज को सन्मार्ग की ओर ले जाए, लेकिन विडंबना यह है कि आजाद भारत में राजनीति शब्द अपना अर्थ और भाव खो चुका है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान को ऐसे राजनीतिज्ञों की आवश्यकता है जो 'राजनीति' शब्द के खोए हुए अर्थ एवं भाव को पुनः भारत की राजनीति में स्थापित कर सकें। उन्होंने किसी का नाम लिये बगैर कहा, ''राजनीति के क्षेत्र में मैं यह मानता हूं कि विश्वसनीयता का संकट किसी भी सूरत में पैदा नहीं होना चाहिए। नेताओं की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। नेता जो कहे, उसे वह पूरा करे, तभी भारत की राजनीति में विश्वास का संकट नहीं पैदा होगा।''

# 'केंद्र में बसपा की सरकार बनी तो बुंदेलखंड अलग राज्य बनेगा'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**झांसी (उप्र)/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को दावा किया कि अगर वे सत्ता में आईं तो अलग बुंदेलखंड राज्य बनाया जाएगा। मंगलवार को झांसी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा, ''अलग बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग हो रही है, अगर हमारी सरकार (केंद्र में) बनी तो हम इस संबंध में सकारात्मक कदम उठाएंगे। बुंदेलखंड जरूर एक अलग राज्य बनाया जाएगा।''

बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैला एक पहाड़ी क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश के सात जिले (बांदा, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर, झांसी, जालौन और चित्रकूट) और मध्य प्रदेश के आठ जिले इस क्षेत्र में आते हैं। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री रहते हुए वर्ष 2011 में उप्र को चार भागों में विभक्त करने का एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था और हाल में पश्चिमी उप्र की चुनावी जनसभाओं में उन्होंने सत्ता में आने पर पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाने का वादा किया। मायावती ने यह भी दावा किया कि वर्तमान भाजपा नीत राजग सरकार के लिए मौजूदा लोकसभा चुनाव में सत्ता में वापसी करना आसान नहीं होगा, बशर्ते यह चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हो और ईवीएम से छेड़छाड़ न की जाए।

मायावती ने कहा कि लंबे समय तक केंद्र और देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन उसकी गलत नीतियों के कारण उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भाजपा और उसके सहयोगी दल केंद्र और काफी राज्यों में सत्ता पर काबिज हैं लेकिन उनकी भी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, साम्प्रदायिक तथा द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी तथा करनी में अंतर की वजह से अब ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा के लिए केंद्र की सत्ता में वापसी आसान नहीं होगी।

उन्होंने कहा, ''इस बार भाजपा की नाटकबाजी और जुमलेबाजी नहीं चलने वाली है क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि भाजपा ने जो वादे किये और हवा-हवाई गारंटी दी थी, उसका एक चौथाई भी काम नहीं किया है।''

# दरगाह पर झाड़-फूंक कराने पहुंची महिला ने मौलवी पर बलात्कार का आरोप लगाया, मामला दर्ज

**बदायूं (उप्र)/भाषा।** बदायूं जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़े सरकार की दरगाह पर झाड़-फूंक के जरिये इलाज कराने आई महिला ने दरगाह पर चादर बेचने वाले एक कथित मौलवी के खिलाफ बलात्कार करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस उपाधीक्षक आलोक मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र में बदायूं-दिल्ली मार्ग पर सोत नदी के किनारे बनी 'बड़े सरकार' की प्रसिद्ध दरगाह मुसलमानों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है।

यहां मानसिक रोगों का झाड़-फूंक के जरिये इलाज कराने आ रही बिजनौर जिले की रहने वाली एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को मंलवार को एक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि अर्जी में महिला ने कहा है कि वह लगभग एक साल से झाड़-फूंक के जरिये इलाज कराने के लिए बदायूं में रह रही है।

उसने आरोप लगाया कि दरगाह में चुनरी और चादर की दुकान लगाने वाला मौलवी राहत ने इलाज के नाम पर झांसा देकर उसे अपने कमरे में ले गया और वहां उससे बलात्कार किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने इसकी वीडियो भी बना ली है।

# राहुल और अखिलेश ने प्रधानमंत्री पर किसानों-युवाओं को 'नजरअंदाज' करने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**झांसी (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'अरबपतियों' के लिए काम करने और किसानों और बेरोजगार युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडि) के सहयोगी दलों के नेताओं राहुल और अखिलेश ने यहां रानी झांसी किले के पास एक संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आता है तो वे युवाओं और किसानों के लिए काम करेंगे। यह संयुक्त रैली झांसी से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन और हमीरपुर से सपा उम्मीदवार अजेंद्र राजपूत के प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 100 'स्मार्ट सिटी' बनाने का वादा किया था, लेकिन ''इस दिशा में कुछ नहीं किया।'' उन्होंने कहा कि जब सैकड़ों लोग कोविड19 महामारी से जान गंवा रहे थे तब प्रधानमंत्री ने लोगों से थालियां बजाने के लिए कहा।

सपा अध्यक्ष ने इस मौके पर दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों के रुझान इस बात का सुबूत हैं कि ''भाजपा का ग्राफ नीचे जा रहा है और इस पार्टी की हार निश्चित है।'' यादव ने मौजूदा सरकार पर किसानों और युवाओं को निराश करने का भी आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश में लगातार प्रश्नपत्र लीक होने से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो वह गरीबों की ढाल यानी संविधान को 'तार-तार' कर देगी। हमीरपुर और झांसी सीट पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।

# संदेशखालि मामला : महिला ने अदालत के समक्ष किया आत्मसमर्पण, न्यायिक हिरासत में भेजी गई

**बारासात (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता पियाली दास ने अपने खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दास पर आरोप है कि उन्होंने संदेशाखालि की एक महिला से कोरे कागज पर हस्ताक्षर लिए और बाद में तृणमूल कांग्रेस नेताओं पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उसी पन्ने पर शिकायती पत्र लिखा। बशीरहाट उप-अनुमंडलीय अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दास की जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें आठ दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# ओडिशा: बेरहामपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हाथापाई में घायल हुए

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा की बेरहामपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रदीप पाणिग्रही और इसी नाम के विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के बीच सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद झड़प हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पाणिग्रही घायल हो गये। पाणिग्रही के दाहिने कंधे पर चोट आई और उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत भी की है। उन्हें बेरहामपुर के एक मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया और मंगलवार को उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर ले जाया गया। इस बीच, बेरहामपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार एस शंकर दास को गोसानी नुआगांव पुलिस थाने में हिरासत में लिया गया जिसके बाद उनके समर्थकों ने रिहाई की मांग और चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर धरना दिया। घटना सोमवार शाम को मतदान संपन्न होने के बाद की है जब पाणिग्रही गोसानी नुआगांव क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर यह देखने गए थे कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को 'स्ट्रॉन्ग रूम' में ले जाने से पहले उन्हें ठीक से सील किया जा रहा है या नहीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बेरहामपुर नगर निगम के पूर्व महापौर दास अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे । इस दौरान उनके तथा पाणिग्रही के बीच तीखी बहस हो गई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई।

# देश की 99% आबादी को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों को 'रेवड़ी' बताती है मोदी सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की एक टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की 99 प्रतिशत आबादी को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों को 'रेवड़ी' बताना मोदी सरकार की आदत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन सरकार बनने पर पार्टी की ओर से घोषित योजनाओं का उचित ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा।

भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया था। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है?

सीतारमण ने यह भी कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के ऐतिहासिक न्याय पत्र घोषणापत्र की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया है और इसके व्यावहारिक प्रस्तावों को ऐसे ''बड़े वादे'' के रूप में वर्णित किया है जो वित्तीय रूप से महंगा साबित सकता है। इस बात पर ध्यान न दें कि पिछले दो दशकों में जीडीपी वृद्धि, निवेश और रोजगार सृजन राजग की तुलना में संप्रग सरकार के तहत अधिक थे।

# आदर्श आचार संहिता बन गई है मोदी आचार संहिता: तृणमूल कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के ''मोदी आचार संहिता'' में बदलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा चुनाव आचार संहिता के ''घोर उल्लंघन'' को रोकने के लिए कदम उठाए।

इस मामले पर निर्वाचन आयोग को एक पत्र सौंपने के बाद टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और सागरिका घोष ने मीडिया को संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''(भाजपा प्रमुख) जे.पी.नड्डा को नोटिस दिया गया था, लेकिन हमारी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बजाय, प्रधानमंत्री मोदी अपनी टिप्पणियों में और अधिक अवहेलना कर रहे हैं। वह चुनाव के दौरान ऐसे वादे कर रहे हैं जिन्हें करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। वह वित्तीय घोषणाएं कर रहे हैं, ऐसी योजनाएं जिन्हें उनकी पार्टी सत्तारूढ़ दल के रूप में लागू नहीं कर सकती।'' गोखले ने यहां निर्वाचन आयोग मुख्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा कि आदर्श आचार संहिता की सरासर अवहेलना होती दिख रही है। घोष और गोखले दोनों ने दावा किया कि आचार संहिता के उल्लंघन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा रहा है। घोष ने कहा, ''निर्वाचन आयोग की निगरानी में आदर्श आचार संहिता अब मोदी आचार संहिता बन गई है। मोदी बेलगाम बोल रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। यह हमारे निष्पक्ष चुनावों को कमजोर करता है।'' गोखले ने कहा, ''हमने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मांग की है कि चुनाव के शेष चरण के लिए आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू किया जाए, शिकायतों पर कार्रवाई की जाए और हर बार चुनाव नियमों का उल्लंघन करने पर प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट न दी जाए।''

# एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में नहीं लौट रहे : ममता बनर्जी



**कल्याणी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' 300 से अधिक लोकसभा सीट जीतकर केंद्र में अगली सरकार बनाएगा और एकमात्र गारंटी यह है कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल नहीं मिलेगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने नदिया जिले के कल्याणी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संदेशखालि मुद्दे पर झूठ फैलाने और राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''लोकसभा चुनाव में एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में वापस नहीं आ रहे हैं। 'इंडिया' गठबंधन 295 से 315 के बीच सीट हासिल करेगा, जबकि भाजपा अधिकतम 200 तक ही सीमित रहेगी। संदेशखालि मुद्दे को लेकर मोदी पर निशाना साधते हुए, बनर्जी ने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं। 'गारंटी बाबू' (मोदी की गारंटी पर निशाना साधते हुए) पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। अब, जब सच्चाई सामने आ रही है (कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुए), वे टेलीविजन चैनल से उन्हें नहीं दिखाने के लिए कह रहे हैं। वे सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने की साजिश रची है।''

# गोरखपुर में 'अर्थी पर सवार' होकर नामांकन करने पहुंचे अर्थी बाबा



**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** गोरखपुर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राजन यादव उर्फ अर्थी बाबा मंगलवार को 'अर्थी पर सवार' होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। अर्थी बाबा के नाम से मशहूर राजन यादव अर्थी पर सवार होकर कचहरी पहुंचे और गोरखपुर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया।

यादव ने कहा कि गोरखपुर में सबसे ज्यादा वाहनों का चालान होता है। वह चाहते हैं कि मोटर वाहन अधिनियम को खत्म किया जाए। उन्होंने पूछा, ''जो मजदूर बाहर से काम करने आया है, वह चालान की रकम कहां से लायेगा?'' यादव ने यह भी कहा कि मोबाइल फोन पर बंद की गई आजीवन इनकमिंग कॉल को जारी रखा जाना चाहिये। श्मशान घाट पर अपना चुनाव कार्यालय खोलने वाले यादव ने कहा कि उन्हें श्मशान घाट पर संसदीय चुनाव कार्यालय खोलने और अर्थी पर सवार होकर अपना नामांकन दाखिल करने के लिये आने में कोई समस्या नहीं दिखती है। यादव ने कहा उन्होंने अविवाहित रहने का फैसला किया है ताकि वह उन नेताओं के नक्शेकदम पर चल सकें जिन्होंने खुद का घर बसाने के बजाय राजनीति और लोकतंत्र को बचाने को प्राथमिकता दी है।



# कोच की खोज : द्रविड़ के बाद लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प, क्या लैंगर और गंभीर भी होंगे दौड़ में

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिये सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं । बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी । द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा । बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं जबकि 26 मई को आईपीएल फाइनल है । इससे लगता है कि बोर्ड नये कोच की तलाश में है । नये कोच के लिये कुछ विकल्प इस प्रकार हो सकते हैं ।

**वीवीएस लक्ष्मण :** अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे । 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं । द्रविड़ के अवकाश पर होने पर उन्होंने सीनियर टीम की कोचिंग भी की है। उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 शृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में शृंखलायें खेली है ।

**गौतम गंभीर :** पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है । उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है । केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके कोच रहते केकेआर ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है और तालिका में शीर्ष पर है ।अब देखना यह है कि उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं ।

**जस्टिन लैंगर :** एशेज और टी20 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं । उन्होंने हाल ही में कहा कि वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक और शारीरिक रूप से काफी दबाव वाला काम है ।

# ओलंपिक के लिए अंतिम टीम चुनने से पहले हम सर्वश्रेष्ठ संयोजन आजमाएंगे: हरमनप्रीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान अपनी सर्वश्रेष्ठ रणनीतियों और संयोजन को परखेगी क्योंकि यह पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की अंतिम सूची तैयार करने का आखिरी मौका होगा।

भारतीय टीम मंगलवार को बेल्जियम के एंटवर्प के लिए रवाना हुई जहां इस सत्र के विजेता का फैसला होगा। भारत अभी नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना से खेलेगा। इसके बाद टीम एक से नौ जून तक लंदन में जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगी। टीम के यूरोप रवाना होने से पहले हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने कहा, ''ओलंपिक के लिए अंतिम टीम के चयन से पहले हम सर्वश्रेष्ठ संयोजन को परखेंगें इसलिए पेरिस के लिए हमारी तैयारियों के साथ-साथ ओलंपिक की 16 सदस्यीय टीम में



जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों के लिए प्रो लीग काफी महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।'' तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में अपने सभी पांच मैच हार गया जिससे पेरिस खेलों के लिए उनकी तैयारियों पर संदेह पैदा हो गया। हरमनप्रीत ने कहा कि टीम पेरिस से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, ''टीम एक और चुनौतीपूर्ण सफर के लिए काफी उत्साहित है जहां हम प्रो लीग में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से भिड़ेंगे। हम पिछले कुछ हफ्तों में बहुत ही कड़े प्रशिक्षण शिविर के बाद यात्रा करेंगे जहां हमने अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित किया और नियमित रूप से आपस में टीम बनाकर मैच खेले।'' हरमनप्रीत ने कहा, ''टीम अच्छी तरह से आकार ले रही है और ओलंपिक से पहले प्रो लीग योजनाओं को लागू करने के मामले में खामियों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है।'' कप्तान ने कहा कि प्रो लीग ना केवल उन्हें अपनी टीम की तैयारियों का आकलन करने में मदद करेगी बल्कि प्रतिद्वंद्वियों की रणनीतियों के बारे में भी संकेत देगी। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ हमारे पूल में बेल्जियम और अर्जेंटीना हैं। हम एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना दोनों से खेलेंगे।'' हरमनप्रीत को उम्मीद है कि प्रो लीग के पिछले कुछ सत्र में तीसरे स्थान पर रहने के बाद उनकी टीम इस बार खिताब के लिए दावा पेश करेगी।

## सुविचार

वक्त से लड़कर जो अपना नसीब बदल दे, इन्सान वही जो अपनी तकदीर बदल दे, कल क्या होगा कभी ना सोचो यारो, क्या पता कल वक्त खुद अपनी तस्वीर बदल दे।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बांग्लादेश में शांति व स्थिरता

बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद की टिप्पणी कि 'भारत के साथ अच्छे संबंधों के बिना बांग्लादेश का विकास संभव नहीं है', हकीकत बयान करती है। साथ ही, यह भी जाहिर करती है कि इस पड़ोसी देश में शांति और स्थिरता कायम रखने में भारत का बड़ा योगदान है। भारत और बांग्लादेश काफी लंबी सीमा साझा करते हैं, जहां नदी, जंगल, दलदल, पहाड़ समेत विभिन्न विषम भौगोलिक परिस्थितियां हैं। अगर दोनों देशों में संबंध मधुर रहेंगे तो सुरक्षा बलों के लिए आसानी होगी, दोनों तरफ जनता को फायदा होगा। खासकर बांग्लादेश को ज्यादा फायदा होगा, जिसकी अर्थव्यवस्था काफी छोटी है। उसे भारत से बहुत कम कीमत पर सामान मिल जाता है। वहीं, उसके लिए कुछ मिनटों/घंटों की दूरी पर बहुत बड़ा बाजार है, जहां अच्छी क्रय शक्ति है, जो निरंतर बढ़ रही है। हसन की यह टिप्पणी उन तत्त्वों को करारा जवाब भी है, जिन्होंने बांग्लादेश में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने का कथित अभियान चलाया था। वह बुरी तरह विफल रहा, क्योंकि बांग्लादेश के आम लोगों का जीवन भारतीय उत्पादों के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। मिर्च-मसालों, सब्जियों, चीनी, गुड़, तेल, वाहनों, उनके कल-पुर्जों, मशीनरी, बिजली के उपकरणों, रसायनों, लोहा, विभिन्न धातुओं, चाय-कॉफी, प्लास्टिक सामग्री, मेवे, शहद, डेयरी उत्पादों, पेट्रो उत्पादों, कृषि उत्पादों, आभूषणों और दवाइयों समेत काफी सामान भारत से बांग्लादेश जाता है। बांग्लादेशी महिलाएं भारतीय साड़ियां खूब पसंद करती हैं। अगर वहां इतने भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर दिया जाए तो जनजीवन तहस-नहस हो जाएगा। अर्थव्यवस्था की जड़ें हिल जाएंगी। इसके नतीजे में महंगाई की लहर आएगी, जो लोगों के लिए मुसीबतें खड़ी करेगी।

बांग्लादेश की मौजूदा सरकार इस तथ्य से भलीभांति परिचित है। बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने जब भारत-विरोधी तत्त्वों को भारतीय साड़ियां जलाने की चुनौती दी तो वे बगलें झांकने लगे थे। मोटी रकम खर्च कर अपनी मां, पत्नी, बेटियों के लिए लाई गईं सुंदर भारतीय साड़ियों को जलाने का मतलब था- घर-घर में क्लेश को निमंत्रण देना! ऐसा करने का दुस्साहस किसी ने नहीं दिखाया। वास्तव में बांग्लादेश की धरती से भारत के खिलाफ जहर उगलने वालों में बड़ी तादाद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकर्ताओं की है। सोशल मीडिया पर इनके दुष्प्रचार को पाकिस्तान भी हवा देता रहता है। हसन ने उचित ही कहा कि 'पड़ोसी के साथ अच्छे रिश्तों के बिना बांग्लादेश में शांति और स्थिरता बनाए रखना मुश्किल होगा।' बांग्लादेश कई समस्याओं के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के साथ ही भारत सरकार को भी जाता है। अगर बांग्लादेश ने विकास और नागरिकों के कल्याण के बजाय भारत से टकराव का रास्ता अपनाया होता तो अब तक उसके हालात बदतर हो जाते। दिसंबर 1971 में जिन हालात में बांग्लादेश का जन्म हुआ था, अगर भारत ने उसकी सहायता नहीं की होती तो अब तक उसका अस्तित्व खतरे में पड़ जाता। बांग्लादेश में अवामी लीग की सरकारों ने भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिशें की हैं। वहीं, बीएनपी की सरकारें भारत-विरोधी तत्त्वों की कठपुतलियां बनी रहीं। उन्होंने वर्ष 1971 के युद्ध अपराधियों को बड़े-बड़े पद देकर 'पुरस्कृत' किया था। बीएनपी की छत्रछाया में कट्टरपंथ खूब पनपा। आज भी बांग्लादेश में चलने वाले कई 'संस्थान' कट्टरपंथ और आतंकवाद की पौध तैयार कर रहे हैं। सोमवार को असम के गुवाहाटी में दो संदिग्ध बांग्लादेशी आतंकवादी गिरफ्तार किए गए। घुसपैठ भी एक बड़ी समस्या है, जिस पर रोक लगाने के लिए बांग्लादेशी सरकार को दृढ़ता दिखानी होगी। आतंकवादी और घुसपैठिए दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट घोल सकते हैं।

## ट्वीटर टॉक



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी विश्वनाथ का आशीर्वाद यहाँ निवासियों के माध्यम से प्राप्त कर संसद पहुँचे थे, परिणामस्वरूप विश्व ने दस वर्षों में एक नया भारत देखा। अब हम सब मोदी के साथ विकसित भारत की ओर चल पड़े हैं।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



सीकर रोड पर बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से जल्द ही निजात मिलेगी। जेडीए इस समस्या को हल करने के लिए अब नया ड्रेनेज सिस्टम बनाएगा और इसके पूरा होने के बाद आस-पास की करीब 250 कॉलोनियों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी

**-दीया कुमारी**



लद्दाख में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ कस्बे के लाल और मां भारती के सच्चे सपूत श्री नंदूसिह जी शेखावत का बलिदान कभी भी भुलाया नही जा सकेगा। ईश्वर वीरात्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# मां का बिछौना


डॉक्टर टोडरमल की मां उसे सदा टोडर कहकर बुलाती थी। डॉक्टर साहब को मां का यह एक वचनी संबोधन अप्रिय लगता था। एक दिन उसने अपनी मां को यह कहते हुए झिड़क दिया कि, 'मां! तमाम बड़े-बड़े लोग सदा मुझे ढंग से बुलाते हैं, पर तुम हमेशा मुझे बेहुदा तरीके से पुकारती हो, यह ठीक बात नहीं है।' मां भांप गई कि बेटा बड़ाई का भूखा है। उसने बेटे को नसीहत देने के लिए एक तरकीब सोची। शाम को मां ने बेटे से कहा कि, 'बेटा, शैशवावस्था में जिस तरह तुम मेरे साथ सोते थे अगर अब एक रात इस प्रकार मेरे साथ लेटोगे तो मैं तुम्हें सदैव सम्मान के साथ पुकारूंगी।' बेटे ने हामी भर ली। शाम को दोनों एक साथ सो गए। आधी रात को उसकी मां ने पीने का पानी मांगा। डॉक्टर ने उठकर पानी का गिलास पकड़ा दिया। उसकी मां ने आधा गिलास पानी पी लिया और बाकी का जान-बूझकर बिछौने पर उड़ेल दिया। यह देखकर डॉक्टर उखड़ गया और बोला, 'मां, अब मैं इस गीले बिछौने पर कैसे सोऊंगा?' मौका पाकर मां ने कहा, 'बेटे! जब तुम छोटे थे तो इसी तरह नित्य मेरे बिछौने को बार-बार पेशाब करके भिगोया करते, पर मैंने कभी उफ तक न की।

## सामयिक

# चाबहार पोर्ट : भारत ईरान के बीच अहम समझौता

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है। भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के हस्ताक्षर समारोह में ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री सोनोवाल और मेहरदाद बजरपाश उपस्थित रहे थे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 23 मई, 2016 को शुरू हुआ महत्वपूर्ण समझौता आज एक दीर्घकालिक अनुबंध में परिणत हो रहा है, जो भारत और भारत के बीच स्थायी विश्वास और निर्भर साझेदारी का प्रतीक है। आज हमने शाहिद-बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर होते देखा।



आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की है। चाबहार बंदरगाह एक भारत-ईरान फ्लैगशिप परियोजना है जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन बंदरगाह के रूप में कार्य करती है, जो भूमि से घिरे हुए देश हैं। चाबहार बंदरगाह के विकास और संचालन में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है।

भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना के एक प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

चाबहार बंदरगाह पर भारत ने जो भारी निवेश किया है वह दिल्ली के लिए रणनीतिक और आर्थिक महत्व रखता है। यह भारत को कराची और ग्वादर में पाकिस्तान के बंदरगाहों को बायपास करने और भूमि से घिरे अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने की अनुमति देता है। इसके अलावा, इस बंदरगाह को चीन की सबसे चर्चित बेल्ट एंड रोड पहल का प्रतिउत्तर भी माना जाता है। यह व्यापारिक समुदायों के लिए संवेदनशील और व्यस्त फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से वैकल्पिक पारगमन मार्ग का पता लगाने के लिए आर्थिक अवसरों का एक नया द्वार भी खोलता है। हालाँकि, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इसका असर इस प्रोजेक्ट पर पड़ा था। ईरान के माध्यम से दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच एक नया व्यापार मार्ग खोलेगा। कनेक्टिविटी के मामले में अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशियन क्षेत्रों के बीच चाबहार पोर्ट काफी अहम साबित होगा।

उधर अमेरिका ने चेताते हुए कहा है कि जो भी ईरान के साथ कारोबार करने पर विचार कर रहा है, उसे हमारी ओर से संभावित प्रतिबंधों के जोखिमों से वाकिफ रहने की जरूरत है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल से जब चाबहार पोर्ट को लेकर भारत और ईरान के एग्रीमेंट को लेकर सवाल किया गया तो पटेल ने कहा कि हम इन खबरों से वाकिफ हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर एक डील की है। भारत सरकार की अपनी विदेश नीति है। ईरान के साथ चाबहार पोर्ट को लेकर की गई डील और ईरान के साथ उनके द्विपक्षीय संबंधों को वह बेहतर तरीके से समझता है। लेकिन जहां तक अमेरिका की बात है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध जारी रहेंगे। ये पूछने पर कि क्या इसका मतलब है कि भारतीय कंपनियों पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि आपको बता दूं कि कोई भी अगर ईरान के साथ बिजनेस डील करने पर विचार कर रहा है तो उन्हें इसके संभावित जोखिम पता होने चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि उन पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं।

गौरतलब है कि चाबहार में दो पोर्ट हैं। पहला- शाहिद कलंतरी और दूसरा- शाहिद बहिश्ती। शिपिंग मिनिस्ट्री की इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल शाहिद बहिश्ती का काम संभालती है। भारत वैसे तो पहले से ही इस पोर्ट का कामकाज संभाल रहा था। लेकिन ये शॉर्ट-टर्म एग्रीमेंट था। समय-समय पर इसे रिन्यू करना पड़ता था। लेकिन अब 10 साल के लिए लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट हो गया है।सालों से भारत और ईरान के बीच लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट को लेकर बातचीत चल रही थी। लेकिन कई कारणों की वजह से इसमें देरी आ रही थी। बीच में भारत और ईरान के बीच भी रिश्तों में थोड़ी तल्खी आ गई थी। इसके अलावा ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भी इस समझौते में देरी हुई।बताया जा रहा है कि इस डील के तहत इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार बंदरगाह में लगभग 12 करोड़ डॉलर का इन्वेस्टमेंट करेगा। भारत चाबहार पोर्ट का एक हिस्सा डेवलप कर रहा है, ताकि ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया के देशों तक सामान पहुंचाया जा सके। नई डील से पाकिस्तान के कराची और ग्वादर पोर्ट को बायपास किया जा सकेगा और ईरान के जरिए दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच कारोबारी रास्ता खुलेगा।

ईरान और अफगानिस्तान तक भारत की सीधी पहुंच के लिए चाबहार पोर्ट अहम जरिया है। एक ओर, अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों से निपटने में चाबहार पोर्ट से ईरान की मदद हो सकती है। दूसरी ओर, हिंद महासागर तक पहुंच के लिए अफगानिस्तान की निर्भरता पाकिस्तान पर कम हो सकती है।2016 में भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच इंटरनेशनल ट्रेड कॉरिडोर को लेकर समझौता हुआ था। इस कॉरिडोर में चाबहार को भी शामिल किया जाएगा। इसके बाद भारत ने शाहिद बहिश्ती का काम तेज कर दिया था।

शाहिद बहिश्ती के पहले फेज का काम दिसंबर 2017 में पूरा हो गया था। तब भारत ने यहीं से अफगानिस्तान तक गेहूं की पहली खेप भेजी थी। 2019 में पहली बार चाबहार पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान से कोई सामान भारत आया था।शाहिद बहिश्ती पोर्ट का काम चार फेज में पूरा होना है। काम पूरा होने के बाद इसकी क्षमता 8।2 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। यहां पर एक क्रूज टर्मिनल भी बनकर तैयार हो गया है, जिससे इस पोर्ट की क्षमता और बढ़ गई है।

ईरान में बन रहे चाबहार पोर्ट को चीन और पाकिस्तान के लिए जवाब भी माना जा रहा है। इस कारण भारत की यहां दिलचस्पी बहुत है। ग्वादर पोर्ट में चीन की मौजूदगी की वजह से चाबहार पोर्ट में भारत का होना फायदेमंद है।चीन पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट बना रहा है। ग्वादर पोर्ट और चाबहार पोर्ट के बीच सड़क के रास्ते 400 किलोमीटर की दूरी है। जबकि, समंदर के जरिए ये दूरी 100 किलोमीटर के आसपास है। पाकिस्तान और चीन ईरानी सरहद के क़रीब ग्वादर पोर्ट को विकसित कर रहे हैं। भारत, ईरान और अफ़ग़ानिस्तान को जोड़ने वाले चाबहार पोर्ट को ग्वादर पोर्ट के लिए चुनौती के तौर पर देखा जाता है। सामरिक दृष्टि से भी पाकिस्तान में चीन के नियंत्रण वाले ग्वादर पोर्ट के पास भारतीय मौजूदगी अहम मानी जा रही है।

## मंथन

# सियासत की संजीवनी है आदिवासी वोट बैंक

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

आदिवासी वोट बैंक पर एक बार फिर सियासत गरमा गई है। लोकसभा चुनावों के मधे नज़र सियासी दल जातीय और सामुदायिक वोट बैंक को साधने के लिए जी तौड़ प्रयासों में जुटे हैं। इनमें एक वोट बैंक आदिवासी समाज का है, जिसके बारे में कहा जाता है यह सत्ता की संजीवनी है। इस वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित क्षेत्रीय पार्टियों ने अपने-अपने दांव लगाने शुरू कर दिए है। सभी राजनीतिक पार्टियां स्वयं को आदिवासियों की सच्ची हितैषी बता रही है। यह भी कहा जाता है आदिवासी वोटरों का झुकाव जिस पार्टी की ओर होता है, वही देश पर राज करता है। आगामी लोकसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टिया प्रयासरत है। चुनाव में जातिगत वोटों का महत्वपूर्ण स्थान है। इसे प्राप्त करने के लिए सियासी दलों ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। सत्तारूढ़ भाजपा की नजर देश की 10 प्रतिशत आदिवासी आबादी पर है। पिछले चुनाव में आदिवासियों की आरक्षित 47 सीटों में भाजपा ने 31 सीटें जीती हैं। 2014 में भी 28 सीटें भाजपा को मिली थीं। आदिवासियों के लिए लोकसभा की 47 सीटें आरक्षित हैं। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधनों को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने में इनका बड़ा योगदान हो सकता है। बीते दो चुनावों से इनपर भाजपा की मजबूत पकड़ है। कभी इन पर कांग्रेस का प्रभुत्व था। झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत कई दल तो आज भी आदिवासी अस्मिता की राजनीति करते हैं। भाजपा ने द्रोपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर पहुंचा कर आदिवासी मतों पर अपना दावा जताया है।

आदिवासी अरसे से अपने अकूत संसाधनों का दोहन देखती रही है और पिछड़ापन तथा कुपोषण से बुरी तरह ग्रस्त रही है। आदिवासी अपनी परंपरा और संस्कृति की रक्षा के साथ विकास के नाम पर अपने रहवास की अकूत जल, जंगल, जमीन की संपदा की रक्षा के लिए लड़ते भी रहे हैं। आजादी के बाद के शुरुआती दशकों में आदिवासियों का झुकाव स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस की तरफ रहा। फिर, कुछ आदिवसी इलाकों में सोशलिस्टों और कम्युनिस्टों का भी वर्चस्व रहा। कुछ इलाके अति-वामपंथ से भी प्रभावित रहे और 1990 तथा 2000 के बाद के दशकों में माओवादी असर इतना व्यापक हुआ कि पिछले कुछ दशकों से अति-वामपंथी रुझान की वजह से इसे रेड कॉरीडोर कहा जाने लगा था। लेकिन, पिछले डेढ़ दशक से कम से कम वोट के मामले में भाजपा की ओर आदिवासी रुझान मुड़ा तो कई राज्यों में पार्टी को सत्ता भी मिली। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनावों में भाजपा की जीत में आदिवासियों की बड़ी भूमिका रही है। आदिवासी आबादी आज़ादी के 76 साल बाद भी आधुनिक सभ्यता और प्रगति से दूर रहकर जंगलों में निवास करती है। जमीन होते हुए भी जमीन हीन है। आज भी उनका खाना मोटा है। जंगल के इलाकों में रहने के कारण सरकार संचालित विकास योजनाएं इन तक नहीं पहुंच पाती। केंद्र और राज्य सरकार की रोजगार गारंटी योजना सहित दूसरी योजनाओं से ये आदिवासी पूरी तरह दूर हैं। पौष्टिक भोजन के आभाव में कुपोषण और बीमारी इनके लिए जानलेवा साबित हो रही है। मानव की मूल जरुरत साफ पानी भी इन लोगों को उपलब्ध नहीं होता।

## नजरिया

# पर्यावरण को स्वर्गमय बनाने की शुरुआत परिवार से हो

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने, एकजुटता के आदर्शों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को मजबूत करने वाले प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए इसे 1994 में एक संकल्प के रूप में अपनाया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस की 30वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसका थीम है परिवार और जलवायु परिवर्तन। इसका लक्ष्य परिवारों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इन प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करना है। परिवार और सामुदायिक पहल शिक्षा, सूचना पहुंच, प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी प्रदान करके जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण एवं जीवन पर पड़ रहे खतरों से सावधान करना एवं पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाना है। 1983 में, आर्थिक और सामाजिक परिषद और सामाजिक विकास आयोग ने सिफारिश की कि संयुक्त राष्ट्र पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएँ दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए, 1993 में, इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया।



स्पष्ट है कि किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। दरअसल सही अर्थों में परिवार वह संरचना है, जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन, सुख-दुःख की साझेदारी, सबमें सबके होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का अवकाश है, अनुशासना के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली में जीता है। वृद्धत्व जीए गये अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसे परिवार रूपी परिवेश में सुखी जीवन का स्रोत प्रवहमान रहता आया है। लेकिन आज इस परिवार की संरचना में आंच आयी हुई है। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ है। विश्वास संदेह में उतर रहा है। कोई किसी को सहने और समझने की कोशिश नहीं कर रहा है। इन स्थितियों पर नियंत्रण की दृष्टि विश्व परिवार दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता आज अधिक सामने आ रही है।

परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य रहा है या फिर है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता कितने ही परिवर्तनों को स्वीकार करके अपने को परिष्कृत कर ले, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। परिवार बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। बावजूद इसके क्यों परिवार बिखर रहे हैं, परिवार संस्था के अस्तित्व पर क्यों धुंधलके छा रहे हैं- इस तरह के प्रश्न समाधान चाहते हैं। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने इसी समाधान के लिये हिन्दू विवाह परम्परा को बल देने की बात हाल ही में कही हैं।

सच है कि आज संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं। एकल परिवार भी तनाव में जी रहे हैं। बदलते परिवेश में पारिवारिक सौहार्द का ग्राफ नीचे गिर रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। परिवार से पृथकता तक तो ठीक है, किंतु उसके मूल आधार स्नेह में भी खटास पड़ जाती है। स्नेह सूत्र से विच्छिन्न परिवार, फिर घर' के दिव्य भाव को नहीं जी पाता क्योंकि तब उसकी दशा परिवार के सदस्यों की परस्पर अजनबी समूह' जैसी हो जाती है। समस्या आदिकाल से है, किंतु वह अब तक इसलिए है क्योंकि अधिकांश परिवारों ने समाधान के अति सरल उपायों पर विचार ही नहीं किया या फिर यों कहें कि अपनी रूढ़िवादिता की झोंक में विचार करना पसंद ही नहीं किया। मेरे विचार से, स्नेह, सम्मान और स्वतंत्रता की सूत्रत्रयी ही समाधान का मूल है। यदि तीनों का परस्पर अंतर्संबंध समझकर उसे आचरण में उतार लें, तो घर को स्वर्ग' बनते देर नहीं लगेगी। जब घर स्वर्ग बनने लगेंगे तो दुनिया, प्रकृति एवं पर्यावरण भी स्वर्गमय बन जायेंगे। दुनिया भर की धन दौलत व्यक्ति को वह सुकून नहीं दे सकती, जो स्नेह और सम्मान का मधुर भाव देता है।

आज की भोगवादी संस्कृति ने उपभोक्तावाद को जिस तरह से बढ़ावा दिया है उससे बाहरी चमक-दमक से ही आदमी को पहचाना जाता है। यह बड़ा भयानक है। उससे ही अपसांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है और ये ही स्थितियां पारिवारिक बिखराव का बड़ा कारण बन रही है। वही आदमी श्रेष्ठ है जो संस्कृति को शालीन बनाये। वही औरत शालीन है जो परिवार को इज्जतदार बनाये।

परिवार इज्जतदार बनता है तभी सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। उसी से कल्याणकारी मानव संस्कृति का निर्माण हो सकता है। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। पारिवारिक सौहार्द के इस तरह के प्रयत्न हमारे परिवारों के लिये संजीवनी बन सकती है। इससे जहां हमारी परिवार परम्परा और संस्कृति को पुनः प्रतिष्ठापित किया जा सकेगा। वहां स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ चिन्तन की पावन त्रिवेणी से स्नात होने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त हो सकेगा। जब परिवार वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को आत्मसात करेंगे तभी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्याओं से मुक्ति मिल सकेगी। व्यक्ति से परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व मानवता का उन्नयन एवं उत्थान संभव है।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भारत ने संरा में फलस्तीन की सदस्यता का समर्थन किया; कहा-सिर्फ द्विराष्ट्र समाधान से टिकाऊ शांति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को रेखांकित करते हुए कहा है कि सीधी एवं सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा। भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फलस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना चाहिए तथा इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से पुनर्विचार करे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को कहा, अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि फलस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में पुनर्विचार करेगी और फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा। शुक्रवार को एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई, जहां संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव 'संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने' को पिछले साल मई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पेश किया था।

यूएई ने अरब समूह के अध्यक्ष के तौर पर यह प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव के पक्ष में भारत सहित 143 सदस्य देशों ने वोट दिए, नौ ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 25 सदस्य देश अनुपस्थित थे। मतदान के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा कक्ष तालियों से गूंज उठा। प्रस्ताव में कहा गया है कि फलस्तीन, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार वैश्विक संस्था की सदस्यता पाने के योग्य है तथा इसलिए इसे इसके सदस्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए। वर्तमान में फलस्तीन, संयुक्त राष्ट्र में गैर-सदस्य पर्यवेक्षक देश है, उसे यह दर्जा 2012 में महासभा ने प्रदान किया था। यह दर्जा फलस्तीन को वैश्विक संस्था की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देता है लेकिन वह प्रस्तावों पर मतदान नहीं कर सकता।

कंबोज ने कहा कि भारत के नेतृत्व ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि पूर्ण सदस्य के दर्जा पर सीधी और सार्थक बातचीत के जरिये हासिल केवल द्विराष्ट्र समाधान ही टिकाऊ शांति लाएगा। उन्होंने कहा, भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करने के प्रति प्रतिबद्ध है जहां फलस्तीन के लोग इजराइल की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अपनी सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में मुक्त रूप से रह सकें। एक टिकाऊ समाधान पर पहुंचने के लिए, हम सभी पक्षों से शीघ्र सीधी शांति वार्ता बहाल करने के लिए सौहार्द्रपूर्ण माहौल बनाने का अनुरोध करते हैं। कंबोज ने कहा कि गाजा में संघर्ष सात महीनों से जारी है और इसके चलते पैदा हुआ मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है।

# अमेरिकी हथियारों से युद्धक्षेत्र में यूक्रेन की स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा : ब्लिंकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कीव। रूस के घातक हमलों के बीच अघोषित यात्रा पर यूक्रेन पहुंचे अमेरिका के विदेशी मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य सहायता से युद्धक्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। युद्ध पर नजर रखने वाले विश्लेषकों के अनुसार हाल के दिनों में रूस ने पूर्वोत्तर सीमा पर हमले तेज कर दिए हैं और मॉस्को के सैनिकों ने लगभग 100 से 125 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, जिसमें कम से कम सात गांव शामिल हैं। हालांकि उनमें से अधिकांश गांव पहले ही खाली हो चुके हैं। विश्लेषकों ने फरवरी 2022 में रूसी आक्रमण के बाद से ताजा हमलों को यूक्रेन के लिए सबसे खतरनाक दौर करार दिया है। ब्लिंकन की यात्रा के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने पूर्वोत्तर में रूस की ओर से की जा रही गोलाबारी से नागरिकों की सुरक्षा के लिए मंगलवार को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की मांग की। ब्लिंकन ने कहा, हम जानते हैं कि यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। लेकिन अमेरिकी सैन्य सहायता युद्ध के मैदान में रूस की आक्रामकता के खिलाफ एक 'बड़ा बदलाव' लाएगी।

यूक्रेन की राजधानी में ही ब्लिंकन ने जेलेंस्की से मुलाकात की। यूक्रेन को विलंबित विदेशी सहायता को अमेरिकी संसद की ओर से मंजूरी मिलने के एक महीने से भी कम समय में ब्लिंकन यात्रा पर पहुंचे हैं। इसमें यूक्रेन के लिए 60 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गयी है। इसका अधिकांश हिस्सा बुरी तरह नष्ट हो चुके तोपखानों और वायु रक्षा प्रणालियों को नए सिरे से खड़ा करने पर खर्च किया जाएगा। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिकी हथियारों की कुछ खेप अभी रास्ते में हैं और कुछ पहले ही यूक्रेन पहुंच चुकी है।



मंडी में मंगलवार को संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कंगना रानौत अपना नामांकन दाखिल करती हुईं।

# आशा है कि भविष्य में भी छोटी काशी से नामांकन दाखिल करने का मौका मिलता रहेगा : कंगना रनौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला। अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को मंडी लोकसभा सीट से बतौर भाजपा प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और उम्मीद जतायी कि भविष्य में भी उन्हें इस निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने का मौका मिलता रहेगा। रनौत ने से कहा, मैं आशा करती हूं कि यह मेरे लिए पहली और आखिरी बार न हो बल्कि मुझे भविष्य में भी छोटी काशी (मंडी) से अपना नामांकन दाखिल करने के और मौके मिलें। नामांकन केंद्र में उनके साथ हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद थे। जब रनौत निर्वाचन कार्यालय गयीं तब भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाली तख्तियां ले रखी थीं और वे रनौत के पक्ष में नारे लगा रहे थे। मंडी में 300 से अधिक मंदिर हैं तथा करीब आठ मंदिर भगवान शिव के हैं। इसलिए मंडी को छोटी काशी भी कहा जाता है। भाजपा प्रत्याशी रनौत ने कहा, आज मेरे लिए बड़ा सौभाग्यशाली दिन है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार काशी (वाराणसी) से अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं और मैं छोटी काशी से नामांकन दाखिल कर रही हूं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में फिर निर्वाचित होंगे। उन्होंने कहा, मंडी की बेटी को यहां से चुनाव मैदान में उतारने तथा राज्य की प्रतिष्ठा बढ़ाने को लेकर मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की आभारी हूं ।

रनौत की मां आशा रनौत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमारा आशीर्वाद हमारी बेटी के साथ है तथा ईश्वर भी हमारी प्रार्थना सुन रहे हैं। कंगना जहां कहीं जाती है उसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और वह बड़े जनादेश से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने कंगना पर जो अपमानजनक एवं तीखी टिप्पणियां की हैं, वे महिलाओं को रास नहीं आ रही हैं तथा महिला शक्ति उन्हें एक जून को करारा जवाब देगी।

# अक्षय कुमार और प्रभास की फिल्म 'कन्नपा' का टीजर कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नपा का टीजर दुनिया के सबसे बड़े फिल्म फेस्टिवल कान्स फिल्म फेस्टिवल में रिलीज होगा। फिल्म 'कन्नप्पा' पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। फिल्म में विष्णु मांचू लीड रोल में हैं और प्रभास और अक्षय कुमार कैमियो करते दिखने वाले हैं।'कन्नप्पा' के राइटर विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की टीज़र रिलीज डेट का खुलासा किया है। फिल्म कन्नपा का टीजर 20 मई को कान्स फिल्म फेस्टिवल में रिलीज किया जाएगा। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए विष्णु ने लिखा, 20




मई को 'द वर्ल्ड ऑफ कन्नप्पा' की झलक दिखाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इसे कान्स फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च किया जाएगा। फिल्म कन्नपा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह कर रहे हैं।'कन्नप्पा' को एवा एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म का म्यूजिक मणि शर्मा और स्टीफन देवासी ने कम्पोज़ किया है।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आयेंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डी'ओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमैजिन एज लाइट' प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे।इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल की थीम है- 'मेनी





वेज टू बी एन आइकन।' इसका मतलब है, 'एक आइकन बनने के कई तरीके।'

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी।

इससे पहले ऐश्वर्या राय कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।कांस के रेड कारपेट को फैशन वर्ल्ड में काफी अहम माना जाता है। यहां वॉक करने वाले सेलेब्स फिल्मों के प्रमोशन के साथ नए डिजाइनर्स के आउटफिट्स भी शोकेस करते हैं। इसके साथ ही फ्रांस को भी अपनी संस्कृति को पेश करने का मौका मिलता है।ऐश्वर्या राय बच्चन वर्ष 2002 से अब तक तकरीबन हर साल कांस में शामिल होती आई हैं।

# दिव्यांका त्रिपाठी ने की भगवान शिव की पूजा

मुंबई/एजेन्सी

दिव्यांका त्रिपाठी दहिया ने अपने पति विवेक दहिया के साथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा की। इस दौरान एक्ट्रेस ने क्लिक की गई फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर भी किया। दिव्यांका ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की, जिसमें कपल को एक मंदिर में पूजा करते हुए देखा जा सकता है। पोस्ट में एक्ट्रेस ने मंदिर के लोकेशन का खुलासा नहीं किया है। तस्वीरों में दिव्यांका को नेवी ब्लू सूट में देखा



जा सकता है, जबकि विवेक ने सफेद टी-शर्ट और ब्लू डेनिम जींस पहनी है। उन्हें भगवान शिव और देवी दुर्गा की पूजा करते देखा जाता है। तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ओम नमः शिवाय... ओम दुर्गाय नमः... श्री गणेशाय नमः। हम अपने चाहने वालों के लिए प्रार्थना करते हैं, आप हमारी प्रार्थनाओं का एक अभिन्न हिस्सा हो।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह पिछली बार 'अदृश्यम' में इंस्पेक्टर पार्वती सहगल के रूप में दिखाई दी थी। इसमें एजाज खान रवि वर्मा की भूमिका में हैं। यह शो सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है।

## बातचीत



अमेठी में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी मंगलवार को संसदीय चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में अपने चुनाव अभियान के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करती हुईं।

# कान्स से था मृणाल सेन का गहरा कनेक्शन

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के महान फिल्मकार मृणाल सेन का कांस से गहरा कनेक्शन रहा था। मृणाल सेन भारत के उन चुनिंदा फिल्मकारो में शामिल हैं जो देश का सिनेमा सरहद पार लेकर गए. उनकी फिल्मों ने देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में नाम कमाया। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। आज मृणाल सेन की जयंती हैं।कांस से मृणाल सेन का गहरा कनेक्शन रहा है।

मृणाल सेन ने अपने कई सारे जन्मदिन कान्स में बिताए थे।मृणाल सेन कभी अपना जन्मदिन नहीं मनाते थे लेकिन एक साल उनके दोस्तों ने कान्स में उनके लिए सरप्राइज पार्टी रखी। पार्टी बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

मृणाल सेन वर्ष 1982 कान्स में मेंबर ऑफ जूरी के तौर पर गए थे। वहां पर नॉवेलिस्ट गेब्रियल, गेर्सिया मार्क्वेज भी जूरी का हिस्सा



थे। इस दौरान दोनों की काफी अच्छी बॉन्डिंग हो गई थी।बाद में दोनों ने हवाना में एक फिल्म स्कूल में काफी समय साथ वक्त बिताया। वर्ष 2010 में कान्स ने डिसाइड किया कि मृणाल सेन की फिल्म खानदान की स्क्रीनिंग कान्स क्लासिक सेक्शन में की जाएगी। हालांकि वह कान्स का हिस्सा नहीं बन पाये। अपनी फिल्मों के जरिए समाज के अलग-अलग पहलुओं को कैमरे में कैद करने वाले महान फिल्म निर्देशक मृणाल सेन, 30 दिसंबर, 2018 को 95 साल की उम्र में हमेशा के लिए इस जहां से रुखसत हो गये।

## अंतिम संस्कार



बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और अन्य लोग भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, जिनका मंगलवार को पटना में निधन हो गया।

# चुनौतीपूर्ण किरदारों को निभाना ज्यादा पसंद करती हूं : सैयामी खेर

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस सैयामी खेर अपनी अपकमिंग फिल्म 'अग्नि' की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने साझा किया है कि उन्हें ऐसे किरदार निभाना पसंद है जो उन्हें चुनौती दे और उन्हें उनके कंफर्ट जोन से बाहर निकाले। अग्नि में उन्होंने एक फायर फाइटर का किरदार निभाया है। एक्ट्रेस ने कहा कि अब तक मैंने जो काम किया है उसमें मजबूत किरदार निभाने के जो अवसर मुझे मिले हैं, उसके लिए मैं अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। उन भूमिकाओं को निभाने की मेरी क्षमता के लिए पहचाना जाना बेहद संतुष्टिदायक है, जो मुझे कंफर्ट जोन से बाहर निकालता है। मैं हमेशा ऐसी भूमिकाओं की ओर आकर्षित होती हूं, जिसमें सभी भावनाएं हो। ये भूमिकाएं बदले में मुझे काफी कुछ सिखाती हैं। मेरी कोशिश हमेशा किरदार में खुद को खो देने की रही है। उन्होंने कहा कि एक अभिनेता के रूप में मेरी यात्रा निरंतर सीखने, विकास की रही है, और मैं खुद को चुनौती देने और लोगों के जीवन को प्रेरित करने के हर अवसर के लिए आभारी हूं। अभिनय एक बहुत सशक्त माध्यम है, इसलिए जब लोग वापस आते हैं और कहते हैं कि आपकी फिल्म ने मुझे प्रेरित किया, मुझे सिखाया, तो मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक बड़ी सफलता है।


# मृणाल सेन की भुवन शोम से हुई थी अमिताभ बच्चन के सिने कैरियर की शुरूआत

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के महनायक अमिताभ बच्चन ने अपने सिने करियर की शुरूआत मृणाल सेन की फिल्म भुवन शोम से की थी। मृणाल सेन की आज जयंती है। उनके निर्देशन में बनी फिल्म भुवन शोम वर्ष 1969 में प्रदर्शित हुयी थी। यह फिल्म बलाई चंद मुखोपाध्याय की बंगाली कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में उत्पल दत्त ने भुवन शोम की भूमिका निभायी थी।

अमिताभ बच्चन भुवन शोम के नरेटर बने।अमिताभ बच्चन ने अपनी आवाज दी थी, 'ये तो आपकी मर्जी है कि आप उन्हें भला कहें या बुरा। इस लाइन के साथ अमिताभ ने मृणाल सेन की आइकॉनिक फिल्म भुवन शोम की ओपनिंग की थी।फिल्म भुवन शोम में अमिताभ बच्चन ने नेरेशन किया था जबकि ऑन स्क्रीन पहली बार अमिताभ फिल्म सात हिंदुस्तानी में दिखे। इस फिल्म को बेस्ट फीचर फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट एक्टर कैटेगरी में तीन नेशनल अवॉर्ड्स भी मिले। मृणाल सेन नेअमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में उनके करियर का पहला काम दिलाया।

उन्होंने अपनी फिल्म 'भुवन शोम' में अमिताभ बच्चन सेवॉयस-ओवर कराया था और इस काम के लिए उन्हें 300 रुपए की सैलरी दी।मृणाल सेन ने बताया था कि वह अमिताभ बच्चन से कैसे मिले। उन्होंने गुजरात के भावनगर में भुवन शोम की शूटिंग की थी और फिल्म की एडिटिंग के लिए मुंबई आए थे। इस दौरान उन्हें फिल्म के नेरेशन के लिए एक फ्रेश आवाज की जरूरत थी।मृणाल ने अपने दोस्त ख्वाजा अहमद अब्बास से





इस बारे में बात की। मृणाल ने इंटरव्यू में बताया था,मैंने अब्बास से कहा कि अब्बास साहब, मैं एक फिल्म बना रहा हूं और इस फिल्म में सभी लोग नए हैं।मुझे अपनी फिल्म में नेरेशन के लिए एक नई आवाज चाहिए।

यदि मैं फिल्म्स डिवीजन जाता हूं तो मुझे प्रताप शर्मा जैसे लोग आसानी से मिल जाएंगे लेकिन मुझे ऐसी आवाज चाहिए जिसे पहले कभी किसी ने नहीं सुना हो।उस समय अब्बास अपनी फिल्म सात हिंदुस्तानी की शूटिंग कर रहे थे और उनके टीम के कुछ लोग भी वहां मौजूद थे। उनके साथ अमिताभ बच्चन भी थे। अमिताभ ने मृणाल दा को कहा,आमी बांग्ला जाने, आमी कॉलकाते छीलो। अमिताभ कह रहे थे मुझे बंगाली आती है और मैं कलकत्ता में रह भी चुका हूं।

मृणाल ने अमिताभ को कहा कि तुम्हारी बंगाली अच्छी नहीं है लेकिन तुम्हारी आवाज बढ़िया है।मेरी फिल्म हिंदी में है, हां फिल्म का नाम बंगाली है और कैरेक्टर्स भी बंगाली हैं लेकिन फिल्म हिंदी है। मैं चाहता हूं कि तुम मेरी फिल्म के नेरेशन के लिए अपनी आवाज दो।मृणाल ने अमिताभ से उनकी फीस पूछी तो उन्होंने पैसे लेने से इंकार कर दिया।

अमिताभ ने मृणाल को मना करते हुए कहा था, ये फिल्मी दुनिया में मेरा पहला काम है और मैं आपसे इसके लिए पैसे नहीं ले सकता। मृणाल ने अमिताभ से कहा कि यदि तुम इस इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहते हो तो ये पैसे रख लो, तब उन्होंने अपनी फीस ली और भुवन शोम में काम किया।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में चतुर्विध संघ के सान्निध्य में पंचदिवसीय आध्यात्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी के मुखारविन्द से महामंत्र णमोकार के मंगल पाठ से हुआ।



# राजाजीनगर तेरापंथ में कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का दीक्षांत समारोह केएलई स्कूल सोसाइटी ऑडिटोरियम में अभातेयुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा की अध्यक्षता में हुआ। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने सभी का स्वागत किया। प्रशिक्षक धर्मेश कोठारी, जिनेश हीरावत एवं अरविंद पोखरणा ने 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया तथा वक्तव्य कला सिखाई। अरविंद पोखरणा ने विशेष सात प्रतिभागियों की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को पुरस्कृत किया तथा तेयुप द्वारा अतिथियों, प्रशिक्षकों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अथिति विमल कटारिया, विशिष्ट अतिथि अभातेयुप प्रबुद्ध विचारक एवं सप्त दिवसीय सीपीएस कार्यशाला के प्रायोजक दिनेश पोखरना, अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत, सीपीएस सलाहकार सतीश पोरवाड़ एवं सीपीएस सहप्रभारी सोनू डागा ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक अरविंद मांडोत, संभाग प्रमुख अमित दक, तेयुप गांधीनगर अध्यक्ष रजत बैद आदि उपस्थित थे। राजेश देरासरिया ने धन्यवाद दिया।





# 'धर्म अंधों की रैली नहीं, आँख वालों की यात्रा का नाम है'

## संभवनाथ जैन भवन में शुरु हुआ पांच दिवसीय धार्मिक संस्कार शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में चतुर्विध संघ के सान्निध्य में पंचदिवसीय आध्यात्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी के मुखारविन्द से महामंत्र णमोकार के मंगल पाठ से हुआ। इस अवसर पर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी महाराज ने शिविरार्थियों को उद्बोधन देते हुए कहा कि मेरा भारत महान, जिसमें जन्में महावीर भगवान ।

ना राग में ना द्वेष में, विश्वास दिगम्बर वेश में । मोह – माया धोखा है , त्याग कर लो मौका है । बड़े-बड़े अहंकारों को तोड़ने का एक मात्र मंत्र जय जिनेंद्र है। आचार्यश्री ने कहा कि हम जिस कुल, वंश, धर्म में पैदा हुए हैं, उसका वजन-अस्तित्व पूरे विश्व में है। जैन दर्शन की प्रामाणिकता-सम्मान पूरे विश्व में है । हमारे कुल, संस्कृति, आचरण, व्यवहार, खान-पान की वजह से हमारी पहचान है । धर्म अंधों की रैली नहीं, आँख वालों की यात्रा का नाम है। ग्रंथों की बातों को जीने का नाम मूलाचार है।आचार्यश्री ने कहा कि खुद को खुद की परीक्षा करनी है । दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहना चाहिये।

उपाध्यायश्री पीयूषसागरजी महाराज ने जैन धर्म के गूढ़ रहस्यों को उद्घाटित किया और उसे जीवन में कैसे अपनाएँ, जिससे कि हमारे विचार पवित्र बनें और चेहरे की मुस्कुराहट बरकरार रहे, इसके लिए जीने के मूल मंत्र दिए। प्रवर्तक डॉ मुनिश्री सहजसागरजी महाराज ने कहा कि हमारे घर-परिवार, लोक व्यवहार व अपने अनुभवों को बताते हुए कहा कि सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान , सम्यकचारित्र की एकरूपता को मोक्ष का मार्ग बताया। शिविर में लगभग 350 शिविरार्थियों ने भाग लिया।



# दादी धाम प्रचार समिति का वार्षिकोत्सव आगामी वर्ष 4-5 जनवरी को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय दादी धाम प्रचार समिति का मासिक मंगलपाठ व भजन कार्यक्रम सरजापुर रोड स्थित दीपक अंजू चमड़िया के निवास पर सम्पन्न हुआ। आयोजक परिवार द्वारा दादीजी की पूजा-अर्चना कर दादीजी एवं सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। अलका खेड़वाल,बबिता चमड़िया एवं जया चौधरी ने संगीतमय ढ़ंग से मंगलपाठ की प्रस्तुति दी। रामसुंदर बगड़िया, कैलाश जालान, संजय चौधरी, सुनील पोद्दार, बिनोद मंडाववाला, सोनी झुनझुनवाला, निरंजन बजाज आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी। चमड़िया परिवार की ओर से दादीजी को चूड़ा-चुनड़ी भेंट कर गजरा उत्सव,चुनड़ी उत्सव,मेहँदी उत्सव मनाया गया तथा 56 भोग, सवामणी अर्पण की गई।इस मौके पर बड़ी संख्या में दादी भक्त उपस्थित थे। अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने बताया कि समिति द्वारा आगामी वर्ष 4-5 जनवरी को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दादी सेना के चरण पादुका उत्सव भी मनाया जाएगा। सचिव संजय चौधरी ने बताया कि देश भर सहित झुंझुनू धाम से अनेक पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दादीजी का सिंधारा उत्सव संजय नोपानी परिवार के सौजन्य से मनाया जाएगा। कोषाध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने बताया की इस आयोजन में मंगलपाठ व भजनों की प्रस्तुति के लिए सूरत से सुरभि बीरजुका शामिल होंगी।

# जेवाईएस का सामूहिक सामयिक दिवस 19 मई को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन युवा संगठन समस्त जैन समाज के साथ 19 मई को चामराजपेट स्थित मराठा हॉस्टल में चतुर्विध संघ स्थापना दिवस का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में सुबह 8 बजे से उपस्थित साधु साध्वियों के सान्निध्य में सामायिक आराधना की जाएगी। संगठन ने समस्त जैन समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए सामूहिक रूप से अपने अपने सम्प्रदायनुसार 2-2 सामायिक करने के लिए सभी को आमंत्रित किया है। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में आचार्यश्री प्रमाणसागरजी, मुनिश्री बोधिप्रभविजयजी, मलयप्रभ सागरजी, साध्वीश्री सुशीला कवंरजी, दर्शन प्रभाश्रीजी, धर्मप्रभाजी, मणिप्रभाजी, विपुलदर्शनाजी, अरिहंत प्रभाश्रीजी, सिद्धप्रभाजी, आगमश्रीजी, प्रियस्वर्णजंनाश्रीजी, उदितयशाजी, अमृतप्रभाश्रीजी, प्रियश्रुतजंनाश्रीजी म.सा आदि के आने की संभावना है।

अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में समन्वय समिति के चेयरमैन दिलीप संचेती, सहचेयरमैन विपुल पोरवाल, प्रवीण लालवानी, मंत्री मदन मुणोत, उपाध्यक्ष महावीर मुणोत, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिवेसरा, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश बाबेल आयोजन की व्यवस्था में लगे हुए है।



# बाल ग्रीष्मकालीन अवकाश सांस्कृतिक शिक्षा और मनोरंजन शिविर में शामिल हुए सैंकड़ों बच्चे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल कर्नाटक चिल्ड्रन्स एसोसिएशन ऑफ चिल्ड्रेन समर एक्टिविटी के तत्वावधान में चामराजपेट में मक्कलकूटा सभागार में 56वें वार्षिक बाल ग्रीष्मकालीन अवकाश सांस्कृतिक शिक्षा और मनोरंजन शिविर का आयोजन किया गया। इस ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन समारोह का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश और सेवानिवृत्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति एन संतोष हेगड़े ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मारुति मेडिकल्स, विजयनगर के गोसेवक महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल कर्नाटक चिल्ड्रेन्स एसोसिएशन के मानद अध्यक्ष के. मोहनदेव अल्वा ने की। महेन्द्र मुणोत ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि जो बच्चे पूरे साल स्कूल में शिक्षा के बारे में ज्ञान प्राप्त करते हैं, उन बच्चों का समूह दो महीने की मानसिक और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत होंगे। यह सच है कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियां भी बहुत जरुरी है ।

## कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जेसीआई बेंगलूरु कॉस्मो के सदस्यों ने गोपालन मॉल में बॉलिंग कार्यक्रम बी-बाउल-डी का आयोजन किया जिसमें 67 सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर मदर्स डे भी मनाया गया।कार्यक्रम में कॉस्मो के अध्यक्ष भरत हंसराज, कोषाध्यक्ष जयेश जैन सहित उपाध्यक्ष निखिल बाफना, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मोहित जैन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर नकुल डागा आदि उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




## फतह

हुब्बल्ली जीतो चैप्टर के उपाध्यक्ष भरत पटवारी ने जीतो नेपाल चैप्टर द्वारा आयोजित माउंट एवरेस्ट बेस कैंप ट्रेक को पूरा करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पटवारी बेस कैंप शिखर पर पहुँचे और जीतो हुब्बल्ली चैप्टर का झंडा लहराया। जीतो चैप्टर के सदस्यों ने पटावरी को शुभकामनाएं दी।



# मुनि मलयप्रभसागर एवं साध्वी प्रियमुद्रांजनाश्री ने किया संयम के दसवें वर्ष में प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी के शिष्य मलयप्रभसागरजी एवं साध्वीश्री प्रियमुद्रांजनाश्री जी म. सा. के संयम के नव वर्ष पूर्ण करके दशवें वर्ष में प्रवेश करने पर दादा गुरुदेव की पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने मुनिवर को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि आपका संयम जीवन उत्कृष्ट आत्मोथन एवम पर कल्याण युक्त हो सभी आत्माओं के कल्याण और मोक्ष को प्रदान करने वाला हो।



महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने कहा कि आप प्रभु महावीर और सुधर्मा स्वामी की वाणी और उनके बताए पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं और सभी जनों को इस पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रवक्ता अरविन्द कोठारी ने कहा कि मुनिश्री ने जो त्याग किया है वो अनुमोदनीय है। प्रचार प्रसार संयोजक ललित डाकलिया ने कहा कि संतों द्वारा सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र का पूर्ण रूप से पालन हो आप एकावतारी बने, बस इसी भव में संयम जीवन की उत्कृष्ठ पालना करते हुए अपने सभी कर्मो को क्षय करके अपनी आत्मा का कल्याण करे। इस अवसर पर श्री जिनकुशलसूरी जैन महिला संगीत मंडल द्वारा दादा गुरुदेव की पूजा पढ़ाई गई तथा जैन सेवा एवं संगीत मंडल के सदस्यों ने भी सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रकुमार रांका, सहसचिव धर्मेन्द्र संकलेचा, अनिल भडकतिया, रमेश गुलेच्छा के साथ अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद्, महिला परिषद् एवं दादावाड़ी से जुड़ी समस्त संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे।

## अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अन्नदान : जूनियर चेम्बर इंटरनेशनल बेंगलूरु गार्डन सिटी के सदस्यों ने गुरुप्पा गार्डन में नर्सेज और मदर्स डे के अवसर पर 200 जरूरतमंद लोगों को अन्नदान किया। इस मौके पर प्रोजेक्ट हेड प्रवीण नाहर, उपाध्यक्ष रोशनकुमार, सचिव नरेश गादिया, कोषाध्यक्ष रोहित सुराणा व अध्यक्ष चेतन पोरवाल ने अन्नदान सेवा में सहयोग किया।

# वायरल वीडियो में पीड़िता ने अपहरण से किया इनकार

बेंगलूरु। कर्नाटक में जनता दल-सेक्यूलर (जेडीएस) विधायक एचडी रेवन्ना का एक वीडियो 12 मई को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कथित पीड़िता ने रेवन्ना या उसके परिवार द्वारा अपहरण किए जाने से इनकार किया है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने हालाँकि वीडियो को पुराना बताया है, जिससे पता चलता है कि पीड़िता को बयान देने के लिए मजबूर किया गया होगा। पीड़िता ने शुरू में दावा किया था कि एचडी रेवन्ना ने प्रज्वल रेवन्ना और सतीश बबन्ना के साथ मिलकर उसका अपहरण किया था। पीड़िता को कथित तौर पर 29 अप्रैल को उसके आवास से ले जाया गया था। यह उसके हालिया वीडियो से बिल्कुल विपरीत है, जिसे कथित तौर पर बबन्ना की हिरासत में रिकॉर्ड किया गया था, जहां वह दावा करती है कि वह स्वेच्छा से चली गई थी। पीड़िता के बेटे ने गत दो मई को मैसूर के केआर नगर पुलिस थाने में रेवन्ना और अन्य पर अपहरण का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

प्रज्वल यौन उत्पीड़न जांच से जुड़ा मामला एसआईटी को सौंप दिया गया और गत चार मई को एच डी रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक हिरासत में भेजे जाने से पहले वह सात मई तक एसआईटी की हिरासत में रहा। सोमवार को निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। गत शनिवार को 2.31 मिनट के एक नए वीडियो के सामने आने से यह विवाद और गहरा गया।

# बीबीयूएल विद्यालय का दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के केआर रोड स्थित महावीर जैन शिक्षण संघ के तत्वावधान में संचालित बीबीयूएल जैन विद्यालय का दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

संघ के अध्यक्ष चम्पालाल भंडारी ने बताया कि कक्षा में विद्यार्थी अनोष्का ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। स्कूल के 14 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक, 38 विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत से अधिक, 33 विद्यार्थियों को 70 प्रतिशत से अधिक, 28 विद्यार्थियों को 60 प्रतिशत से अधिक व 38 विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com